निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक मंडल की 60वीं वार्षिक रिपोर्ट

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन-पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष ध्यान रखते हुए
निक्षेप बीमा के माध्यम से
बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके
वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी जमा बीमा प्रदाता के
रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की
आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हो

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

प्रेषण पत्र ..... i-ii

निदेशक मण्डल iii

संगठन तालिका iv

निगम के संपर्क सूत्र..... v

निगम के प्रमुख अधिकारी vi

संक्षेपाक्षर vii

2021-22 एक नज़र में ..... viii-ix

विशेषताएं ..... x-xiii

1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन 1-7

परिचय 1

इतिहास..... 1

संस्थागत कवरेज 2

बैंकों का पंजीकरण 2

बीमा कवरेज 2

सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार..... 3

बीमा प्रीमियम..... 3

पंजीकरण रद्द करना..... 3

बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण..... 4

दावों का निपटान 4

निपटाए गए दावों की वसूली..... 5

निधि, लेखे और कराधान..... 5

2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण 8-22

जमा बीमा दायरा, कवरेज और वित्तीय स्थिरता..... 8

चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में दावा निपटान प्रक्रिया..... 11

अनुबंध 1: दिसंबर 2021 के अंत की स्थिति के अनुसार चुनिंदा देशों में
जमा बीमा कवर और प्रति व्यक्ति आय..... 16

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

अनुबंध 2: चुनिंदा देशों में जमा बीमा कवरेज अनुपात (आईडी/एडी) और बीमित जमाराशियों के प्रमुख घटक 17

अनुबंध 3 : चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में जमा बीमा का दायरा, कवरेज और ई-मनी के प्रति व्यवहार 18

3. निदेशकों की रिपोर्ट 23-60

भाग I : परिचालन और कार्यपद्धति 23

जमा बीमा योजना – मुख्य तथ्य 24

जमा बीमा निधि 25

जमा बीमा दावों का निपटान 25

निपटाए गए दावे/ प्राप्त चुकौतियाँ 26

कोर्ट मामले 27

ऋण गारंटी योजनाएं 27

भाग II: अन्य महत्वपूर्ण प्रयास/ प्रगति 27

दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा के लिए उपाय 27

वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय 27

भाग III: लेखा विवरण 28

बीमा देयताएं 28

वर्ष के दौरान राजस्व 28

संचित अधिशेष 28

निवेश 29

कराधान 29

भाग IV: खजाना परिचालन 29

भाग V: संगठनात्मक मामले 30

निदेशक मण्डल 30

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 30

आंतरिक नियंत्रण 30

प्रशिक्षण और कौशल विकास 31

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

स्टाफ संख्या 31

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 31

हिन्दी का प्रयोग 31

निगम में ग्राहक सेवा कक्ष 31

जन जागरूकता 32

अंतर्राष्ट्रीय जमा बीमाकर्ता संघ में भूमिका 32

लेखापरीक्षक 32

परिशिष्ट सारणियाँ

1. निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंक – स्थापना के बाद से प्रगति 33

2क. बीमाकृत बैंक – श्रेणीवार 34

2ख. बीमाकृत सहकारी बैंक – राज्य वार (मार्च 2022 के अंत की स्थिति के अनुसार) 34

3. 2021-22 के दौरान पंजीकृत/विपंजीकृत बैंक 35

4. जमाराशि की सुरक्षा की सीमा: स्थापना के बाद से 36

5. बैंकवार श्रेणी : बीमाकृत जमाराशियाँ 37

6. 2021-22 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे (परिसमाप्त/ विलय किए गए बैंक) 38

6क. 2021-22 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे (सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत बैंक) 39

7. आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान (31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार) 40

7क. आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान – एआईडी के तहत बैंक (31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार) 41

8. निपटाए गए बीमा दावे तथा प्राप्त चुकौतियाँ – 31 मार्च 2022 तक परिसमापित/समामेलित/पुननिर्मित सभी बैंक 42

8क. निपटाए गए बीमा दावे तथा प्राप्त चुकौतियाँ – 31 मार्च 2022 तक सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंक 60

4. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 61-63

5. तुलन पत्र और लेखे 64-79

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

बॉक्स

2.1. जमा बीमा कवर के निर्धारण की पद्धति 9

2.2 फिनटेक और जमा बीमा 10

3.1 डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 में संशोधन की मुख्य विशेषताएं 25

3.2 2021-22 के दौरान दावों के समय पर निपटान के लिए पहल 37

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.निबीप्रगानि.सवि.सं.S588/01.01.016/2022-23 29 जून, 2022

प्रेषण पत्र

(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई – 400 001

महोदय,

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है:

i. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे और

ii. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के तहत अपेक्षित (i) और (ii) में उल्लिखित दस्तावेज भारत सरकार को प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

3. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रधान कार्यालय : भारतीय रिज़र्व बैंक बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई- 400 008
दूरभाष : 022-23019792 Ext :8207, ई-मेल : dicgc@rbi.org.in

HEAD OFFICE : Reserve Bank of India Building, Second Floor, Opp. Mumbai Central Railway Station, Byculla, Mumbai-400 008
Tel: 022-23019792 Ext: 8207. Mail: dicgc@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निदेशक
Director

Azadi Ka Amrit Mahotsav

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.निबीप्रगानि.सवि.सं.S589/01.01.016/2022-23 29 जून, 2022

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव, भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
जीवनदीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है:

i. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

ii. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियां भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

2. ऊपर उल्लिखित (i) और (ii) की सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं।

3. कृपया उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोक सभा और राज्य सभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक मंडल*

अध्यक्ष	
डॉ. एम. डी. पात्र **उप गवर्नर** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (31 मार्च 2020 से)
निदेशक	
श्री पम्मि विजय कुमार **कार्यपालक निदेशक** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (03 मई 2020 से 31 मई 2021 तक)
श्री आर. सुब्रमणियन **कार्यपालक निदेशक** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (26 अगस्त 2021 से 03 जनवरी 2022 तक)
डॉ. दीपक कुमार **कार्यपालक निदेशक** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (04 जनवरी 2022 से)
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा **संयुक्त सचिव** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (06 नवंबर 2020 से 10 नवंबर 2021 तक)
श्रीमती वंदिता कौल **अपर सचिव** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (11 नवंबर 2021 से 31 मार्च 2022 तक)
श्री पंकज शर्मा **संयुक्त सचिव** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (01 अप्रैल 2022 से)
डॉ. गोविंद राजुलु चिंतल **अध्यक्ष** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (13 जुलाई 2020 से 12 जुलाई 2022 तक)

* 31 जुलाई 2022 की स्थिति के अनुसार

संगठन तालिका


अध्यक्ष
निदेशक मंडल
सांविधिक लेखा परीक्षक
लेखा परीक्षा समिति
कार्यपालक निदेशक
मुख्य महाप्रबंधक
निदेशक
महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
• सचिव विभाग
• अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष
• ट्रेजरी मिड ऑफिस
• लेखा और कराधान विभाग
• वसूली प्रबंधन कक्ष
• विधि कक्ष
• सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
• ट्रेजरी डीलिंग रूम
• ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण कक्ष
• बीमा परिचालन विभाग
• बैंक पंजीकरण कक्ष
• संचार कक्ष
• परियोजना प्रबंधन कक्ष
• ट्रेजरी बैक ऑफिस
• मानव संसाधन प्रबंध विभाग
• समाधान
• राजभाषा
• दावा निपटान विभाग

निगम के संपर्क सूत्र

टेलीफोन	
022-2306 2161	प्रीमियम
022-2302 1624	दावें
022-2306 2162	आरएमसी
022-2301 1991	आरटीआई

प्रधान कार्यालय **निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम**

भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, 2रा तल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई – 400 008. भारत

मुख्य महाप्रबंधक	anupkumar@rbi.org.in	022-2301 9603
निदेशक	mramaiah@rbi.org.in	022-2301 9792
महाप्रबंधक	sathishkumar@rbi.org.in	022-2302 8204
उप महाप्रबंधक	mysorte@rbi.org.in	022-2302 8201
उप महाप्रबंधक	pawanjeetkaur@rbi.org.in	022-2302 8206
उप महाप्रबंधक	sangita@rbi.org.in	022-2302 8205
उप महाप्रबंधक	cmsamuel@rbi.org.in	022-2302 1150
उप महाप्रबंधक	navodita@rbi.org.in	022-2302 8209

ईमेल : dicgc@rbi.org.in

वेबसाइट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी *

कार्यपालक निदेशक

डॉ. दीपक कुमार

मुख्य महाप्रबंधक

श्री अनूप कुमार

सचिव और निदेशक

श्री एम. रामय्या

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

श्री एम. रामय्या

महाप्रबन्धक

श्री एस. सतीश कुमार

उप महाप्रबन्धक

श्री मंगेश वाई. सोरते
श्रीमती पवनजीत कौर ऋषि
श्रीमती संगीता ई
श्री सी. एम. सैमुएल
श्रीमती नवोदिता

बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

लेखा परीक्षक

मै. एनबीएस एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट
14/2, वेस्टर्न इंडिया हाउस
सर पी. एम. रोड, फोर्ट
मुंबई 400 001, भारत

* 31 जुलाई 2022 के अनुसार

संक्षेपाक्षर

एजीएम	वार्षिक आम बैठक
एआईडी	सर्व समावेशी निर्देश
एपीआरसी	एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति
एएस	लेखांकन मानक
सीए	चार्टर्ड अकाउंटेंट
सीडी	जमा प्रमाणपत्र
सीडीआईसी	कनाडा जमा बीमा निगम
सीईएसटीएटी	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीजीसीआई	क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीजीएफ़	ऋण गारंटी निधि
सीजीएस	क्रेडिट गारंटी योजना
सीपी	मूल सिद्धान्त
डीजीएस	जमा गारंटी योजना
डीजीएसडी	जमा गारंटी योजना निर्देश
डीआई	जमा बीमा
डीआईसी	जमा बीमा निगम
डीआईसीजीसी	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईसीजे	जापान जमा बीमा निगम
डीआईएफ़	जमा बीमा निधि
डीआईएस	जमा बीमा प्रणाली
डीएनबी	दी निदरलंदशे बैंक
डीएसपी	डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पाद
डीएसआर	डेटा और सिस्टम आवश्यकताएं
ईडी	कार्यपालक निदेशक
ईयू	यरोपीय संघ
एफ़डीआईसी	संघीय जमा बीमा निगम
एफ़आईएमएमडीए	भारतीय निश्चित आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न संघ
जीएएपी	आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धान्त
जीएफ़	सामान्य निधि
जीओआई	भारत सरकार
आईएडीआई	अंतर्राष्ट्रीय जमा बीमाकर्ता संघ
आईसीएआई	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
आईएफ़आर	निवेश में उतार-चढ़ाव रिज़र्व
आईपीएबी	इंस्टिट्यूट पैरा ला प्रोटेक्सियोन अल अहोरो बैंकारियो
केडीआईसी	कोरिया जमा बीमा निगम
केवाईसी	अपने ग्राहक को जाने
एलएबी	स्थानीय क्षेत्र के बैंक
एमआई	सदस्य संस्थान
नाबार्ड	राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
एनसीयूए	राष्ट्रीय क्रेडिट यूनियन प्रशासन
पीबी	भुगतान बैंक
पीसीआई	प्रति व्यक्ति आय
पीएचएस	प्रोविजनल होल्ड सिस्टम
पीएमसी	पंजाब और महाराष्ट्र कोओपरेटिव बैंक लि.
आरबीआई	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरसीएस	सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार
आरओ	क्षेत्रीय कार्यालय
आरआर	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीआई	सूचना का अधिकार अधिनियम
एससीवी	सिंगल कस्टमर व्यू
एसएफ़बी	लघु वित्त बैंक
एसएलजीएस	लघु ऋण गारंटी योजना
टीएएफ़सीयूबी	सहकारी शहरी बैंकों पर कार्यदल
यूएसएफ़बी	यूनिटी स्माल फ़ाइनेंस बैंक
यूटी	केंद्र शासित प्रदेश

2021-22 एक नज़र में

जमा बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में लोगों का भरोसा बनाए रखने के

61 वर्ष

₹19,491 करोड़
एकत्रित प्रीमियम

2,040
पंजीकृत बीमाकृत बैंक

दावा निपटान

₹8,516.6 करोड़
2021-22 में निपटाए गए दावे

₹5,762 करोड़
आरंभ से 2020-21 तक निपटाए गए दावों की तुलना में

₹3,457.4 करोड़
सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत बैंकों के 2,60,816 जमाकर्ताओं को किया गया अंतरिम भुगतान

₹3,791.6 करोड़
पीएमसीबीएल और यूएसएफबी के समामेलन के लिए स्वीकृत

₹1,46,842 करोड़
निक्षेप बीमा निधि

आरक्षित अनुपात- 1.8%



3 दिन

सीए द्वारा दावा सूची प्रस्तुत करने के बाद मुख्य दावे के निपटान के लिए औसत दिनों की संख्या

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में संशोधन



भारिबैं के एआईडी के तहत बैंकों के जमाकर्ताओं को अन्तरिम भुगतान

90 दिनों के भीतर

जमाकर्ता संरक्षण

97.9% पूर्णत: संरक्षित खाते

49 % पूर्णत: संरक्षित जमा राशियाँ

₹399 करोड़
निपटाए गए दावों से वसूली

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा एक नज़र में

(राशि ₹ 100 करोड़ में)

वर्ष के अंत में $	1962	1972	1982	1992-93	2004-05	2018-19	2019-20#	2020-21	2021-22
1 पूँजी *	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 निक्षेप बीमा									
(i) निक्षेप बीमा निधि **	0.01	0.25	1.54	3.1	78.2	937.5	1,103.8	1,299.0	1,468.4
(ii) बीमाकृत बैंक (वास्तविक संख्या)	276	476	1,683	1,931	2,547	2,098	2,067	2,058	2,040
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	19	74.6	423.6	2,443.8	16,198.2	1,20,051	1,34,889	1,49,678	1,65,496
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.5	46.6	317.7	1,645.3	9,913.7	33,700	36,961 (68,715)	76,213	81,104
(v) कुल खातों की संख्या (करोड़ में)	0.77	3.41	15.98	35.43	64.95	217.40	235.00	252.63	262.19
(vi) पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या (करोड़ में)	0.60	3.28	15.81	33.95	61.95	200.00	216.10 (231.00)	247.80	256.67
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे	-	0.01	0.03	1.8	14.9	51.2	52.0	57.6	142.78^

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आंकड़े दिए गए हैं।

$ 1992-93 के बाद से मार्च के अंत के अनुसार।

^ परिसमापनाधीन और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'सर्व समावेशी निर्देशों' के तहत रखे गए बैंकों के दावे शामिल हैं।

कोष्ठक में दिए आंकडे ₹5 लाख जमा बीमा कवर के अनुमान से संबंधित हैं।

विशेषताएं - II : निक्षेप बीमा

(राशि ₹ 100 करोड़ में)

विवरण	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16
राजस्व विवरण							
प्रीमियम आय	194.91	175.17	132.34	120.43	111.28	101.22	91.99
निवेश आय	104.96	96.50	85.32	72.45	64.18	56.19	47.83
निवल दावे	81.21	9.93	0.54	(1.52)	(1.83)	(0.27)	(0.05)
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	205.66	265.55	154.86	191.47	184.57	157.20	146.73
करोत्तर राजस्व अधिशेष	152.39	193.32	103.02	119.31	115.07	97.15	95.96
तुलन पत्र							
निधि शेष (बीमांकिक)	139.74	122.75	120.87	57.56	53.67	55.98	54.12
निधि अधिशेष	1,328.68	1,176.29	982.97	879.95	760.64	645.57	548.42
दावे संबंधी बकाया देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	0.04	2.22	2.52
निष्पादन मैट्रिक्स							
1. डीआइसीजीसी में दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या@	3	7	11	11	12	23	28
2. बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या@$	184	500	508	1,425	2,075*	634	269
3. कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.14	0.20	0.29	0.30	0.16	0.27	0.18
(इसमें से: कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में कर्मचारी लागत)	0.06	0.10	0.10	0.12	0.08	0.17	0.11

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

* 2003 में एक बैंक के विपंजीकरण के कारण तीव्र बढ़ोत्तरी, इसके दावे का 2017 में निपटान हुआ है।

$ 2019-20 से आगे दिनों की गणना के लिए न्यायालय के आदेश/अपीलीय प्राधिकारी (वित्त मंत्रालय) को आधार माना गया। दावों की प्राप्ति में विलंब मुख्यत: वित्त मंत्रालय के समक्ष अपील/विधिक मामले हैं।

टिप्पणी: 2021-22 के लिए कार्य निष्पादन मेट्रिक्स के-क्रम सं.1 और 2 में दिए गए आंकड़ों में समामेलन/विलय मामलों (पीएमसी बैंक लि.) के आँकड़े शामिल नहीं किए गए हैं।

विशेषताएं - III

चार्ट I: बीमाकृत और पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या
(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



टिप्पणी: 2010-11 से आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

विशेषताएं - IV

चार्ट II: निर्धारणीय और बीमाकृत जमाराशियाँ
(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



टिप्पणी: 2009-10 से आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

विशेषताएं - V

चार्ट III: बीमाकृत बैंकों की जमाराशि की तुलना में बीमा कवरेज का विस्तार

(31 मार्च 2022)



टिप्पणियाँ: 1. आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

2. ₹ 5 लाख जमा बीमा कवर से संबंधित आकड़े ₹ 81,10,431 करोड़ हैं।

1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन

1. परिचय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के कार्य "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961" (डीआईसीजीसी अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गई "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961" के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही थी, अत: अप्रैल 2003 में इस योजना का संचालन बंद कर दिया गया और निक्षेप बीमा ही निगम का प्रधान कार्य है।

2. इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमा राशियों का बीमा करने का विचार सामने आया। इसके बाद 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को स्थगित रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए गए। निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी, 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान की गई। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा अन्य वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत "पात्र सहकारी बैंकों" [पैरा 3 (ii) देखें] का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए)(ए) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा पारिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं अर्थात: निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल 1981 से निगम ने लघु उद्योगों को स्वीकृत

ऋण के लिए भी गारंटी सपोर्ट प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

3. संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी वाणिज्य बैंक, स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र सहकारी बैंकों को निक्षेप बीमा योजना के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसकी प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुनःनिर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करें, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली और लद्दाख में कोई भी बीमाकृत/पंजीकृत सहकारी बैंक नहीं है।

4. बैंकों का पंजीकरण

(i) डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराए।

(iii) डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 13ए के अंतर्गत प्राथमिक क्रेडिट समिति के प्राथमिक सहकारी बैंक बन जाने के बाद लाइसेंस के लिए किए गए आवेदन से तीन माह के भीतर निगम उसका पंजीकरण करेगा।

(iv) निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे *अर्थात्,* निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों के ब्यौरे आदि शामिल होने चाहिए।

5. बीमा कवरेज

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(1) के प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलतः ₹1500 तक

सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है :

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा
4 फरवरी 2020	₹5,00,000/-
1 मई 1993	₹1,00,000/-
1 जुलाई 1980	₹30,000/-
1 जनवरी 1976	₹20,000/-
1 अप्रैल 1970	₹10,000/-
1 जनवरी 1968	₹5,000/-
1 जनवरी 1962	₹1,500/-

₹5 लाख तक बढ़ा हुआ कवर उन बैंकों पर लागू होता है जिनका 4 फरवरी 2020 से लाइसेंस रद्द हुआ हो/जो विपंजीकृत किए गए हों।

6. सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निगम (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियों; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियों; (iii) अंतर बैंक जमाराशियों; (iv) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशियों तथा (v) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त राशियों को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

7. बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष (छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है। अगस्त 2021 में किए गए डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15 (1) में संशोधन के अनुसार, डीआईसीजीसी बैंक की वित्तीय स्थिति और देश में समग्र बैंकिंग क्षेत्र के हितों को देखते हुए, रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति से बीमा प्रीमियम पर प्रति ₹100 की जमा राशि पर 15 पैसे प्रीमियम की सीमा बढ़ा सकता है;

₹100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1 अप्रैल 2020	0.12
1 अप्रैल 2005	0.10
1 अप्रैल 2004	0.08
1 जुलाई 1993	0.05
1 अक्तूबर 1971	0.04
1 जनवरी 1962	0.05

8. पंजीकरण रद्द करना

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की संपूर्ण देय राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यतः उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा

किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो भी इसका पंजीकरण रद्द हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

9. बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 की धारा 35 के अनुसार निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

10. दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन आदेश की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

(ii) जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है तो निगम जमाकर्ताओं को विलय योजना के नियम और शर्तों के अनुरूप उस समय पर लागू जमा बीमा सीमा तक भुगतान करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ता की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ता को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] किया जाता है।

(iii) डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निगम द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची, इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए, परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निगम को प्रस्तुत की जानी है (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)।

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18(1)] से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म से करवाता है।

(vi) सामान्यतः निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र दावा राशि का भुगतान परिसमाप्त बैंक के परिसमापक/अंतरिती/बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम पर एजेंसी बैंक में खोले गये खाते में

क्रेडिट करता है। तथापि, अनट्रेसेबल जमाकर्ताओं को देय राशि की मंजूरी तब तक नहीं की जाती जब तक इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत न किए जाएं।

(vii) अगस्त 2021 में किए गए डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधन की धारा 18 ए के अनुसार, निगम भारिबैं द्वारा सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को जमा बीमा सीमा तक भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं। रिजर्व बैंक द्वारा एआईडी लगाए जाने की तारीख से 90 दिनों के भीतर भुगतान पूरा किया जाना है। बीमाकृत बैंक को एआईडी लगाए जाने के 45 दिनों के भीतर दावा प्रस्तुत करना होता है और निगम को 30 दिनों के भीतर दावों की सत्यता और प्रमाणिकता का सत्यापन करवाना होता है और अगले 15 दिनों में जिन जमाकर्ताओं ने अपनी सम्मति प्रदान की कर दी है उन्हें भुगतान करना होता है। यदि रिज़र्व बैंक को समामेलन/समझौता या व्यवस्था/ पुनर्निर्माण की योजना लाना समीचीन (एक्सपीडिएंट) लगता है, तो निगम की देयता अवधि 90 दिनों के लिए और बढ़ा दी जाएगी। एआईडी के तहत बैंकों के लिए दावों के भुगतान से संबंधित प्रक्रिया विनियम 21ए के अनुसार है।

11. निपटाए गए दावों की वसूली

डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से किए गए व्यय की राशि निकालने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से डीआईसीजीसी को चुकौती करें। अगस्त 2021 में किए गए डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधन की धारा 21 (3) के अनुसार, डीआईसीजीसी, अपने बोर्ड के अनुमोदन से, डीआईसीजीसी के प्रति अपनी देयता का निर्वहन करने के लिए बीमित बैंक के लिए चुकौती अवधि को स्थगित कर सकता है या बदल सकता है और धारा 21 (4) के अनुसार निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान में देरी के मामले में रेपो दर पर 2 प्रतिशत का दंडात्मक ब्याज वसूल करें। एआईडी के तहत बैंकों के लिए दावों की वसूली की समयावधि विनियम 22 ए के अनुसार है।

12. निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : *अर्थात्* (i) जमा बीमा निधि (डीआइएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ); (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहली दो निधियों का निर्माण क्रमशः बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹50 करोड़ है, जो पूर्णतः रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। सभी तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के 3 महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी भी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। निगम लेखांकन की प्रोद्भवन प्रणाली का अनुसरण करता है जबकि निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान के मामले में प्राप्ति के आधार पर होता है।

निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम,1961 मे यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। 1 अक्तूबर 2011 से निगम प्रीमयम आय पर सेवाकर के अधीन है और 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवाकर के लिए उत्तरदायी है।

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक का लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस के लिए आवेदन अस्वीकार कर देता है और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और डीआईसीजीसी को इसकी सूचना देता है। डीआईसीजीसी भी संबंधित आरसीएस को परिसमापक की शीघ्र नियुक्ति के लिए लिखता है।
2. आरसीएस परिसमाप्त बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा डीआईसीजीसी को सूचित करता है।
3. डीआईसीजीसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और नियुक्ति के 3 महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है।
4. दावा सूची के सत्यापन, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) के अनुपालन तथा परिसमाप्त बैंक के लेखों के सत्यापन के लिए डीआईसीजीसी के पास सीए फर्म का एक पैनल है। दावा सूची और बैंक की लेखा बहियों के ऑन साइट सत्यापन के लिए डीआईसीजीसी सीए के लिए एक परिचय सत्र का आयोजन करता है।
5. परिसमापक दो भागों में दावा सूची तैयार करता है (भाग – क ट्रेस करने योग्य/केवाईसी अनुपालित और भाग-ख अनट्रेसेबल/केवाईसी अनुपालित नहीं) और जमाकर्ताओं को भुगतान के लिए हार्ड और सॉफ्ट फॉर्म में डीआईसीजीसी को सूची प्रस्तुत करता है।
6. सीए को दावा सूची और इसे तैयार करने में प्रासंगिक परिसमाप्त बैंकों के अभिलेखों पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करना होता है।
7. मुख्य दावे के भाग क को प्रोसेस किया जाता है और पात्र बीमित जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करने के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है। भाग- ख सूची के संबंध में जब भी जमाकर्ताओं का पता लगाया जाता है/केवाईसी का अनुपालन किया जाता है परिसमापक अनुपूरक दावे के रूप में भुगतान के लिए भाग-ख सूची से दावे प्रस्तुत करते हैं।
8. लागू मुख्य दावा निपटान राशि एजेंसी बैंक में परिसमापक के नाम पर रखे गए नामित बैंक के खाते में जारी की जाती है।
9. नामित बैंक राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर / मांग ड्राफ्ट के माध्यम से जमाकर्ताओं को भुगतान जारी करता है।

चार्ट 2: दावा निपटान प्रक्रिया – सर्व समावेशी निर्देशों के तहत बैंक (बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत)



1. भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत सर्व समावेशी निर्देश (एआईडी) लगाता है और डीआईसीजीसी, जहां बैंक जमा बीमा के लिए पंजीकृत है, को एक पृष्ठांकन के साथ जमा/निकासी पर लगाए गए प्रतिबंधों के बारे में एआईडी के तहत संबंधित बैंक को सूचित करता है।

2. डीआईसीजीसी, एआईडी के तहत रखे गए संबंधित बैंक को दिशा-निर्देश जारी करता है कि निर्देश लगाए जाने की तारीख को प्रत्येक जमाकर्ता की बकाया जमा राशि (सभी ऋणों/अग्रिमों को सेट ऑफ करने के बाद समान क्षमता और समान अधिकार में) को दर्शाने वाली विस्तृत सूची तैयार करे। जैसा कि डीआईसीजीसी (संशोधन) अधिनियम 2021 के तहत अनिवार्य है, संबंधित बैंकों के लिए अपेक्षित है कि वे ऐसे जमाकर्ताओं (जिन्होंने पात्र जमा राशि प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की है) की सूची एआईडी लगाने की तारीख के 45 दिनों के भीतर डीआईसीजीसी को प्रस्तुत करें।

3. डीआईसीजीसी के पास एआईडी के तहत बैंकों और परिसमाप्त बैंकों के दावों के सत्यापन/प्रमाणन, जिसमें संबंधित बैंक के केवाईसी और खातों/कोर बैंकिंग प्रणाली का अनुपालन शामिल है, के लिए सीए फर्मों का पैनल है, । सीए फर्म को डीआईसीजीसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दावे का साइट पर सत्यापन करने के लिए सूचित किया जाता है।

4. सीए दावा सूची और जमा बीमा दावे के निपटान के लिए प्रासंगिक बैंक के ऐसे किसी भी रिकॉर्ड पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करते हैं।

5. सीए रिपोर्ट प्राप्त होने पर, डीआईसीजीसी द्वारा दावा संसाधित किया जाता है और अपनी इच्छा व्यक्त करने वाले जमाकर्ताओं को पात्र दावों के भुगतान के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है।

6. तब डीआईसीजीसी एजेंसी बैंक के माध्यम से दावे के संवितरण के लिए जमाकर्ताओं के वैकल्पिक खाते का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ संबंधित बैंक के साथ भुगतान की जाने वाली सूची साझा करता है।

7. बैंक तब विधिवत भरी हुई सूची को डीआईसीजीसी को सूचित करते हुए एजेंसी बैंक से साझा करता है।

8. तब एजेंसी बैंक द्वारा जमाकर्ताओं को भुगतान की जाने वाली सूची और एआईडी के तहत बैंक द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार दावों का संवितरण किया जाता है।

2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

जमा बीमा प्रणाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा कवच है जो बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखने और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जमा बीमा का दायरा और कवरेज और जमाकर्ताओं की बीमाकृत निधियों की तुरंत प्रतिपूर्ति का जमा बीमा प्रणाली की प्रभावकारिता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जबकि जमा बीमा एजेंसियों के कानूनों/विनियमों में दायरा और कवरेज अच्छी तरह से परिभाषित है, ई-मनी के नवाचारों और डिजिटल रूप से संग्रहीत मूल्य उत्पादों की शुरूआत ने जमा बीमा के तहत इन उत्पादों के कवरेज की पर्याप्तता के संबंध में नई चुनौतियां पेश की हैं। संकटग्रस्त बैंकों के जमाकर्ताओं को शीघ्र और समय पर प्रतिपूर्ति एक प्रभावी जमा बीमा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक नीति उद्देश्य है। दो विषय अर्थात 'जमा बीमा का दायरा व कवरेज और वित्तीय स्थिरता के प्रति उनके निहितार्थ' और 'चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में दावा निपटान प्रक्रिया' प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण के तहत प्रस्तुत हैं।

I. जमा बीमा दायरा, कवरेज और वित्तीय स्थिरता

वित्तीय सुरक्षा कवच के समग्र ढांचे के भीतर जमा बीमा प्रणाली के आम तौर पर दो पूरक उद्देश्य होते हैं। पहला केंद्रीय बैंक के अंतिम उपाय के ऋणदाता के सहायक के रूप में वित्तीय प्रणाली की स्थिरता में योगदान करना । दूसरा, बैंक की विफलता की स्थिति में जमाकर्ताओं को न्यूनतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करना । भले ही कोई बैंक शोधक्षम (सोल्वेन्ट) हो "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर, जिस पर जमाकर्ताओं की तरलता की मांग पूरी होती है, जमा अनुबंध की प्रकृति बैंक रन होने के लिए प्रोत्साहन देती है । जब तक बैंक बंद होने की घोषणा नहीं करता, उसे मांग पर जमा निकासी को पूरा करना होगा। एक बार जब इसकी तरल आस्तियां और तरलता उधार लेने की क्षमता समाप्त हो जाती है, तो न्यूनतम कीमतों पर तरल आस्तियों के निपटान की आवश्यकता के कारण बैंक के दिवालिया होने की संभावना होती है । बैंक बंद होने की ओर अग्रसर होता है जिसके बाद जमाकर्ताओं को पूरी तरह से चुकाया जा सकता है या नहीं भी । जमा बीमा कतार में सबसे पहले होने के लिए प्रोत्साहन को हटा देता है और यह आश्वासन देता है कि जमाकर्ता के धन को सामान्य परिसमापन प्रक्रिया के जोखिम और अनिश्चितताओं से बचाया जाएगा। इस प्रकार, बैंक रन होने के लिए प्रोत्साहन को हटाकर जमा बीमा स्थिति को स्थिर करता है[1]।

आईएडीआई के मूल सिद्धांतों (संख्या 8) के अनुसार, नीति निर्माताओं को जमा कवरेज के स्तर और दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना चाहिए। कवरेज सीमित, विश्वसनीय होना चाहिए और जमाकर्ताओं के बड़े हिस्से को कवर करना चाहिए लेकिन बाजार अनुशासन के संपर्क में आने वाली जमाराशियों की पर्याप्त मात्रा को छोड़ देना चाहिए । जमा बीमा प्रणाली (डीआईएस) का कवरेज इसके सार्वजनिक नीति उद्देश्यों और संबंधित डिजाइन विशेषताओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं को कवर करने वाले 28 क्षेत्राधिकारों के बीच जमा बीमा (डीआई) कवर और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) की एक जांच से पता चलता है कि 2021 में डीआई/पीसीआई कवर का मध्य मूल्य 3.0 था। डीआई/पीसीआई अनुपात भारत में 2.9 है जो 28 देशों के मध्य मूल्य (अनुबंध 1) के करीब है । साहित्य में जमा बीमा कवर के निर्धारण के लिए कोई निर्धारित प्रक्रिया नहीं है। हालांकि, एक नियम के रूप में इसे पीसीआई का लगभग दो गुना माना जाता है (बॉक्स 2.1)।

चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में जमाराशियों का दायरा और कवरेज के साथ-साथ जमा बीमा एजेंसियों द्वारा उभरते ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों (डीएसपी) के प्रति व्यवहार दर्शाते हैं कि जबकि बैंकों और क्रेडिट सहकारी समितियों के मामले में जमा बीमा कवरेज का दायरा आम तौर पर एक समान है, दक्षिण कोरिया में अपनाई जाने वाली प्रथा में जमा बीमा के तहत प्रतिभूति कंपनियां और बीमा कंपनियां भी

1. डेविड एस. होल्स्चर, माइकल टेलर, और उलरिच एच. क्लूह (2006), जमा बीमा प्रणाली का डिजाइन और कार्यान्वयन। आईएमएफ सामयिक पेपर नंबर 251।

बॉक्स 2.1: जमा बीमा कवर के निर्धारण की पद्धति

कवरेज को ऐसे स्तरों पर सेट किया जाना चाहिए जो जमा बीमा प्रणाली के उद्देश्यों के अनुरूप हों और जिन्हें उपलब्ध धन द्वारा समर्थन दिया जा सके। जमा बीमा कवरेज की उपयुक्त और विश्वसनीय सीमा निर्धारित करना एक स्पष्ट (एक्सिप्लिसिट) जमा बीमा प्रणाली की केंद्रीय डिजाइन विशेषता है। उपयुक्त कवरेज सीमा की पहचान करने के लिए अतीत में तंत्रों के एक समूह को आजमा कर देखा गया था । प्रारंभिक दृष्टिकोण चुनिंदा देशों में कवरेज के सांख्यिकीय वितरण की जांच करना था। शोधकर्ताओं ने नोट किया कि, औसतन, कवरेज का स्तर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का दो गुना था, हालांकि यह नीतिगत सिफारिश नहीं है। एक अधिक मजबूत नीति दृष्टिकोण पेश करने का प्रयास "80/20" नियम का सुझाव था: जमाकर्ताओं की संख्या का 80 प्रतिशत पूरी तरह से कवर करें लेकिन जमा के मूल्य का केवल 20-30 प्रतिशत। इस उपाय का विश्लेषणात्मक समर्थन सीमित था लेकिन इसमें जमाकर्ता संरक्षण और बाजार अनुशासन को संतुलित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था[2]। कवरेज की पर्याप्तता मुख्य रूप से पूर्ण कवरेज स्तर के बजाय कवर की गई जमाराशियों और जमाकर्ताओं के अनुपात पर निर्भर करती है।

आईएडीआई सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, 70 प्रतिशत जमा बीमाकर्ताओं के पास दायरा और कवरेज स्तर निर्धारित करने के लिए केंद्रीय बैंक, वित्त मंत्रालय या अन्य नियामक निकायों और संसद को शामिल करने वाली परामर्श प्रक्रिया है। तेरह प्रतिशत ने उल्लेख किया कि वे परामर्श प्रक्रिया में हितधारकों को शामिल करते हैं। 7.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं के लिए, प्रक्रिया स्वयं एक अलग संगठन *अर्थात* केंद्रीय बैंक, वित्त मंत्रालय या संसद द्वारा शुरू की जाती है। केवल 4 प्रतिशत ने स्वयं यह प्रक्रिया किए जाने को रिपोर्ट किया है। अधिकांश उत्तरदाता कवरेज स्तर निर्धारित करने के लिए उपायों के संयोजन का उपयोग करते हैं। बत्तीस प्रतिशत सांख्यिकीय, विवेकाधीन तरीकों या विशेषज्ञ राय का उपयोग किया जाना रिपोर्ट करते हैं जबकि 36 प्रतिशत इन दोनों दृष्टिकोणों के संयोजन का उपयोग करते हैं। यूरोपीय संघ के अधिकांश उत्तरदाताओं ने संकेत दिया कि स्तर यूरोपीय संघ निर्देश द्वारा निर्धारित किया गया है। जमा बीमा के दायरे के संबंध में, 62 प्रतिशत ने संकेत दिया कि वे वित्तीय सुरक्षा कवच के अन्य सदस्यों के इनपुट पर निर्भर हैं [3]। विशेष रूप से बैंकिंग संकट के दौरान, देश अक्सर पूर्व-घोषित, वैधानिक सीमाओं के ऊपर गारंटी जारी करते हैं[4]। हालांकि एक उच्च कवरेज स्तर जमाकर्ता के लिए बैंक रन के प्रोत्साहन को कम करता है, वित्तीय स्थिरता और बाजार अनुशासन के बीच उचित संतुलन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नियंत्रण की आवश्यकता होती है। ऐसा करने वाले राष्ट्रीय प्राधिकरणों को प्रतिपूरक उपायों को अपनाने पर विचार करना चाहिए - जैसे कि अधिक गहन पर्यवेक्षण, जोखिम आधारित प्रीमियम की शुरूआत, कवरेज से कुछ श्रेणियों की जमा राशि का बहिष्कार, और कवरेज के स्तर के अनुरूप समय पर हस्तक्षेप और समाधान ताकि नैतिक खतरे का जोखिम कम हो[5]।

असीमित जमा कवरेज चाहे कुछ संस्थानों (जैसे प्रांतीय रूप से चार्टर्ड कनाडाई क्रेडिट यूनियन) में पात्र जमा की पूर्ण सुरक्षा के *माध्यम से या संस्थान की रक्षा करने वाली गारंटी व्यवस्था (जैसे जर्मन सहकारी और बचत बैंक, कुछ स्विस कैंटोनल बैंक)* अधिक जोखिम लेने के *कारण हो सकते हैं* और डीआईएस की प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं और इसलिए इससे बचा जाना चाहिए[6]।

डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 की धारा 16 (1) के अनुसार, भारत में जमा बीमा कवर में वृद्धि के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है। फरवरी 2020 में कवर में वृद्धि के लिए जिन कारकों पर विचार किया गया था , उनमें *अन्य बातों* के साथ-साथ, उन्नत और साथ ही उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में प्रति व्यक्ति जीडीपी के संबंध में औसत जमा बीमा कवर, जमा बीमा निधि की राशि और आरक्षित अनुपात, मई 1993 में कवर में पिछले संशोधन के बाद से देखी गई मुद्रास्फीति का औसत और बैंकिंग प्रणाली की समग्र वित्तीय स्थिति शामिल थे । भारत में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया मोटे तौर पर अन्य अधिकार क्षेत्रों में अपनाई जाने वाली प्रथा के अनुरूप है। नवीनतम जानकारी के अनुसार भारत में कुल निर्धारणीय जमाराशियों के लगभग 50 प्रतिशत के रूप में बीमाकृत जमा 25 क्षेत्राधिकारों (अनुबंध 2) के मामले में मोटे तौर पर 55 प्रतिशत के मध्य मूल्य अनुपात का अनुसरण कर रहा है।

2. आईएडी (2013), प्रभावी जमा बीमा प्रणाली के लिए उन्नत मार्गदर्शन: जमा बीमा कवरेज, मार्च।
3. आईएडीआई (2021), जमा बीमा कवरेज स्तर और दायरा, शोध पत्र, दिसंबर।
4. असली डेमिरगुक-कुंट , एडवर्ड केन, और ल्यूक लेवेन (2014), जमा बीमा डेटा बेस, आईएमएफ वर्किंग पेपर नंबर 118।
5. एफएसबी (2012), जमा बीमा प्रणाली पर विषयगत समीक्षा, पीयर रिव्यू रिपोर्ट, फरवरी 8।
6. पूर्वोक्त फुटनोट 5

शामिल हैं। वित्तीय उत्पाद जैसे चेकिंग खाते, बचत खाते, मनी मार्केट जमा खाते, जमा प्रमाण पत्रों, कैशियर चेकों, मनी ऑर्डरों और किस्त जमाओं को आम तौर पर अधिकार क्षेत्रों में जमा बीमा के तहत कवर किया गया है। दक्षिण कोरिया और कनाडा के मामले में, सेवानिवृत्ति पेंशन खातों और विदेशी मुद्रा खातों को भी जमा बीमा कवर के लिए माना जाता है। यूरोपीय संघ में, कुछ जमाराशियां, जैसे कि जीवन की घटनाओं से जुड़ी हुई जमाराशियां, जिन्हें आमतौर पर अस्थायी उच्च शेष राशि कहा जाता है, सीमित समय के लिए ईयूआर 100,000 से ऊपर सुरक्षित हैं। बीमित जमा बीमा के दायरे में ई-मनी और डीएसपी के प्रति व्यवहार को निर्दिष्ट करने के प्रयास चल रहे हैं, हालांकि आमतौर पर बैंक खाते के साथ जुड़े प्रीपेड कार्ड बीमाकृत होते हैं। ब्यौरा अनुबंध 3 में दिया गया हैं।

फिनटेक और जमा बीमा

फिनटेक नवाचारों की शुरूआत जमा बीमाकर्ताओं और अधिक व्यापक रूप से वित्तीय सुरक्षा कवच के लिए चुनौतियां पैदा करती है। डिजिटल भुगतान में उन्नति, विशेष रूप से ई-मनी तत्काल चुनौतियां पेश कर रही हैं जिन पर जमा बीमाकर्ताओं द्वारा ध्यान दिया जाना आवश्यक है (बॉक्स 2.2)।

बॉक्स 2.2: फिनटेक और जमा बीमा

वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने फिनटेक को "तकनीकी रूप से सक्षम वित्तीय नवाचार के रूप में परिभाषित किया है जिसके परिणामस्वरूप नए व्यापार मॉडल, एप्लिकेशन, प्रक्रियाएं या उत्पाद अस्तित्व में आ सकते हैं और वित्तीय बाजारों और संस्थानों और वित्तीय सेवाओं के प्रावधान पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकते हैं"। ये नए व्यवसाय मॉडल पारंपरिक वित्तीय प्रणाली के भीतर और बाहर की पेशकश की गई वित्तीय उत्पाद और सेवाओं के बीच की रेखाओं को धुंधला करते हैं और यह भ्रम पैदा करने की क्षमता रखते हैं कि क्या उत्पाद जमा बीमा योजना (डीआईएस) द्वारा गारंटीकृत है या नहीं[7]।

द कंसलटेटिव ग्रुप टू असिस्ट द पूअर ने तीन सामान्य दृष्टिकोणों की पहचान की है जिसमें डीएसपी की सुरक्षा के संबंध में लिए गए निर्णय शामिल हैं[8]। ये दृष्टिकोण हैं : (i) प्रत्यक्ष दृष्टिकोण: डीएसपी का बीमा सीधे एक जमा बीमाकर्ता द्वारा किया जाता है और उनके प्रदाताओं को जमा बीमा प्रणाली का सदस्य बनना चाहिए; (ii) बहिष्करण दृष्टिकोण: डीएसपी को स्पष्ट रूप से जमा बीमा कवरेज से बाहर रखा गया है; और (iii) पास-थ्रू दृष्टिकोण: जिसमें जमा बीमा कवरेज एक डिपॉजिटरी संस्था, जो एक जमा बीमा सदस्य है, में एक कस्टोडियल खाते से दी जाती है जो डीएसपी से ग्राहक निधि को डिजिटल उत्पाद प्रदाता की व्यक्तिगत ग्राहक निधि में रखता है, हालांकि यह प्रदाता जमा बीमा सदस्य नहीं है। इसे केन्या और नाइजीरिया[9] जैसे देशों में अपनाया गया है । यूरोपीय संघ के यूरोपीय संघ में जमा गारंटी योजना पर निर्देश के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक मनी और इलेक्ट्रॉनिक मनी के बदले प्राप्त निधि को जमा के रूप में नहीं माना जाना चाहिए[10]। इसके अलावा, वित्तीय सेवा मुआवजा योजना भी यूनाइटेड किंगडम में इलेक्ट्रॉनिक धन खाता धारकों को सुरक्षा प्रदान नहीं करती है।

फिनटेक उत्पादों के लिए जमा बीमा अभी भी विकसित हो रहा है और इसमें कोई एकरूपता और स्पष्टता नहीं है। हालांकि, फिनटेक उत्पादों के लिए जमा बीमा का निर्धारण देश की विशिष्टताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। जमा बीमाकर्ताओं को फिनटेक प्लेटफॉर्म, उनके उत्पादों और व्यावसायिक रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अन्य हितधारकों के साथ सहयोग करना चाहिए। जमा बीमाकर्ताओं को जन जागरूकता पहलों को बढ़ाने और उपभोक्ता वित्तीय साक्षरता में सुधार की दिशा में काम करने की आवश्यकता होगी ताकि उपभोक्ताओं को सूचना विषमता को दूर करने में मदद मिल सके और गैर-बीमाकृत ई-मनी और एक डीआईएस बीमित उत्पाद के बीच अंतर को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

7. राशेल युसेफ , रोज कुशमीडर और डायने एलिस (2021), परिचयात्मक संक्षिप्त: जमा बीमाकर्ताओं के लिए चुनौतियां, फिनटेक ब्रीफ नंबर 1।
8. जुआन कार्लोस इज़ागुइरे, टिमोथी लाइमैन, क्लेयर मैकगायर और डेव ग्रेस (2016), जमा बीमा और डिजिटल वित्तीय समावेशन, सीजीएपी ब्रीफ, अक्टूबर।
9. आईएडीआई (2020), जमा बीमा और वित्तीय समावेशन: डिजिटल संग्रहीत उत्पादों के बीमा में वर्तमान रुझान, मार्च।
10. जमा गारंटी योजनाओं पर यूरोपीय संसद का निर्देश 2014/49/ईयू और 16 अप्रैल 2014 की परिषद के निर्देश

II. चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में दावा निपटान प्रक्रिया

'जमाकर्ताओं की प्रतिपूर्ति' पर आईएडीआई का मूल सिद्धांत 15 निर्धारित करता है कि 'जमा बीमा प्रणाली को वित्तीय स्थिरता में योगदान करने के लिए जमाकर्ताओं की बीमाकृत निधियों की तत्काल प्रतिपूर्ति करनी चाहिए। बीमित जमाकर्ता प्रतिपूर्ति के लिए एक स्पष्ट और सुबोध ट्रिगर होना चाहिए'। इस सीपी के तहत आवश्यक मानदंड *अन्य बातों* के साथ-साथ प्रभावी प्रतिपूर्ति प्रक्रिया के लिए शर्तों का एक सेट निर्दिष्ट करता है जैसे 'जमा बीमाकर्ता सात कार्य दिवसों के भीतर अधिकांश बीमित जमाकर्ताओं की प्रतिपूर्ति करने में सक्षम है। यदि जमा बीमाकर्ता वर्तमान में इस लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकता है, तो जमा बीमाकर्ता के पास ऐसा करने के लिए एक विश्वसनीय योजना है'। दावों के शीघ्र और समय पर संवितरण से जमा बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ती है । जमा बीमा कवरेज के दायरे और स्तर को कानून में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए और जनता द्वारा अच्छी तरह से समझा जाना चाहिए। जनता को कवर किए गए संस्थानों, उत्पादों और खातों के प्रकारों; कवरेज की मात्रा; और समायोजन जो उस कवरेज में किए जा सकते हैं, के बारे में पता होना चाहिए । एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई जमा बीमा प्रणाली एक व्यवस्थित और निष्पक्ष दावा प्रक्रिया के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगी[11] । तदनुसार, इस अध्याय में चुनिंदा न्यायालयों में दावा निपटान प्रक्रिया प्रस्तुत की गई है।

कनाडा

कनाडा जमा बीमा निगम (सीडीआईसी) सदस्य संस्थानों की पात्र जमा राशि का स्वचालित रूप से बीमा करता है। 2021 में, सीडीआईसी ने डेटा और सिस्टम आवश्यकताएँ (डीएसआर) शुरू कीं, इसके उप-कानून के अनुसार, सदस्य संस्थानों (एमआई) के लिए यह अपेक्षित है कि जमा देयता डेटा को पहचानने, कैप्चर करने, व्यवस्थित करने और प्रस्तुत करने की एक विधि को लागू करें । इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विफलता की स्थिति में, एमआई के पास विशिष्ट डेटा आसानी से उपलब्ध हो और ठीक से व्यवस्थित हो ताकि सीडीआईसी पे-आउट कर सके । डीएसआर तकनीकी विनिर्देश सदस्य संस्थानों के बीच प्राप्त डेटा अवतरण (एक्सट्रेक्ट) की एकरूपता सुनिश्चित करते हैं। हर साल सीडीआईसी सदस्य संस्थानों से यह सुनिश्चित करने के लिए जमा डेटा जमा करने का अनुरोध करता है कि इन विनिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है। अनुपालन परीक्षण के लिए संस्था से मांगा गया डेटा छिपा हुआ होता है, अर्थात, सभी व्यक्तिगत और निजी जमाकर्ता जानकारी की पहचान नहीं की जाती है। जोखिम वाले संस्थानों के लिए, अधिक विस्तृत डेटा मूल्यांकन कार्य किया जाता है जिसमें बिना नकाब वाले जमा डेटा अवतरण के साथ अन्य जानकारी जैसे वित्तीय रिकॉर्ड प्राप्त किए जाते हैं। पे-आउट के मामले में यह मूल्यांकन डेटा की गुणवत्ता और अन्य चुनौतियों को देखता है।

एक प्रारंभिक परीक्षा तब की जाती है जब किसी संस्था की विफलता की संभावना अधिक होती है। परीक्षा का उद्देश्य सदस्य की जमा देनदारियों और जमाकर्ताओं के प्रोफाइल की अद्यतन और व्यापक समझ प्राप्त करना, सीडीआईसी की बीमा देयता का अनुमान लगाना और पे-आउट रणनीति विकसित करना जिसे विफलता की स्थिति में संस्थान के जमाकर्ताओं को सूचित किया जा सके।

जापान

जापान के जमा बीमा अधिनियम के अनुसार जमा बीमा प्रणाली की ट्रिगर घटनाएं दो प्रकार की होती हैं: (i) वित्तीय संस्थान द्वारा जमा की प्रतिपूर्ति का निलंबन; और (ii) किसी वित्तीय संस्थान का लाइसेंस रद्द किया जाना। पहले प्रकार में, या तो बीमा भुगतान किया जाता है या संस्था को वित्तीय सहायता (पसंदीदा) प्रदान की जाती है जैसा कि पॉलिसी बोर्ड द्वारा घटना के एक महीने के भीतर तय किया जाता है। दूसरे प्रकार के मामले में, बीमा भुगतान पद्धति अपनाई जाती है। किसी भी मामले में डीआईसीजे द्वारा 600,000 येन तक का अनंतिम भुगतान किया जा सकता है। पे-आउट के मामले में, दो तरीके अपनाए जाते हैं अर्थात जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान या जमा रखने की विधि जिसमें जमा को किसी अन्य बीमित वित्तीय संस्थान में स्थानांतरित कर दिया जाता है। वित्तीय संस्थान की विफलता की स्थिति

11. एफ़डीआईसी तिमाही (2010), जमा बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए एक गाइड: एक क्रॉस-कंट्री परिप्रेक्ष्य, वॉल्यूम 4, नंबर 2

में जमा राशि की सुचारू प्रतिपूर्ति के उपायों में डीआईसीजे को तुरंत जमा करने के लिए जमाकर्ताओं के नाम-आधारित एकत्रीकरण के लिए जमाकर्ताओं के डेटा का रखरखाव शामिल है। वित्तीय संस्थानों के लिए अपेक्षित है कि डीआईसीजे से नाम-आधारित एकत्रीकरण डेटाबेस प्रसंस्करण के परिणामों की प्रतिक्रिया को तुरंत प्रतिबिंबित करने और जमा में परिवर्तन पर डेटा तैयार करने के लिए सिस्टम और विफलता समाधान के लिए 'प्रक्रियाएं और नियमावली' विकसित करें। विफलता की स्थिति में, यह डेटा प्रस्तुत किया जाता है और डीआईसीजे यह जांचने के लिए क्या डेटाबेस निर्धारित प्रारूप के अनुरूप है अपने स्वयं के सिस्टम का उपयोग करता है।

मेक्सिको

इंस्टिट्यूट पैरा ला प्रोटेक्सियोन अल अहोरो बैंकारियो (आईपीएबी) मेक्सिको के जमा बीमाकर्ता के रूप में कार्य करता है। यह जमा कवरेज प्रदान करता है और संकटग्रस्त बैंकिंग संस्थानों की सहायता करता है। 2014 में किए गए वित्तीय सुधारों के आधार पर नियमों में बदलाव ने आईपीएबी को पात्र जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिक आसानी से विफल होने वाले बैंकों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाया। वास्तव में, समस्याएँ उत्पन्न होने से पहले, आईपीएबी के पास *स्वस्थानी* निरीक्षण दौरे करने और संकटग्रस्त बैंकों पर प्रतिबंध लगाने की क्षमता है। आईपीएबी के पास दिवालिया बैंकों के लिए उपचारात्मक प्रक्रियाओं को डिजाइन और कार्यान्वित करने का अधिकार है, साथ ही विशेष व्हीकल को संपत्ति और देनदारियों के हस्तांतरण को निर्धारित और अनुमोदित करने का भी अधिकार है[12] ।

जमा रिकॉर्ड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद बैंक के लाइसेंस के निरसन के परिणामस्वरूप एजेंट बैंक के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया आईपीएबी द्वारा निष्पादित की जाती है। दावा निपटान प्रक्रिया में आईपीएबी द्वारा जमा रिकॉर्ड की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। बैंक की शाखाओं और कॉल सेंटरों के माध्यम से जमाकर्ताओं को सूचना के प्रसार के लिए एक स्थापित प्रक्रिया है । जमाकर्ता आईपीएबी द्वारा प्रबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेब प्लेटफॉर्म के माध्यम से ब्यौरों के पंजीकरण और प्रमाणीकरण के लिए जिम्मेदार है। समाधान में बैंक द्वारा प्रदान किए गए डेटा का उपयोग करके प्रमाणीकरण किया जाता है।

नीदरलैंड

जमा गारंटी योजना (डीजीएस) डच बैंक खातों में ईयूआर100,000 तक की राशि की सुरक्षा करती है और प्रति व्यक्ति, प्रति बैंक लागू होती है[13]। दी निदरलंदशे बैंक (De Nederlandsche Bank) (डीएनबी) सरकार की ओर से डच जमा गारंटी का प्रबंधन करता है[14]। सिंगल कस्टमर व्यू (एससीवी) पॉलिसी नियम डीजीएस द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित करता है और बैंक के विफल होने पर व्यवस्थित समाधान में सहायता करता है। एससीवी सूचना जो कि प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा धारित सभी जमाओं की एक मानकीकृत सूची है को डीएनबी द्वारा निर्धारित डेटा मॉडल के अनुसार प्रस्तुत की जाती है और डीजीएस द्वारा कवर की गई जमाराशियों को समय पर भुगतान करने में सक्षम बनाती है[15]। बैंक को अग्रलिखित बातों से तीन कार्य दिवसों के भीतर डीएनबी को एससीवी फ़ाइल प्रदान करना होगा (i) डीएनबी ने कानून में प्रावधान किए अनुसार की गई डीजीएस को ट्रिगर करने का निर्णय लिया हो; और (ii) डीएनबी ने इस आशय का एक विशिष्ट अनुरोध किया है।

बैंक अपने सभी जमाकर्ताओं के लिए एससीवी बनाता है (चाहे वे जमा गारंटी योजना के लिए पात्र हों या नहीं) और उन्हें डीएनबी में जमा कर देता है। डीएनबी समय-समय पर एससीवी फाइल की गुणवत्ता का आकलन करता है, जिसमें इसे समय पर जमा करना भी शामिल है। यदि एक बैंक दिवालिया हो जाता है, तो डीएनबी अपनी वेबसाइट और राष्ट्रीय मीडिया में जमा गारंटी के बारे में जानकारी प्रकाशित करता है। इसके तुरंत बाद जमाकर्ताओं को एक पत्र भेजा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी को प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए जानकारी प्राप्त हो। सात व्यावसायिक दिनों के भीतर, एक

12. https://www.gob.mx/cms/uploads/attachment/file/644609/Comunicado-Moodys_30-Abril-2021.pdf
13. https://www.dnb.nl/en/sector-information/deposit-guarantee-scheme/deposit-guarantee-scheme/
14. https://www.dnb.nl/en/public-register/dutch-deposit-guarantee-scheme-register/?p=1&l=10&rc=V0ZUREc
15. https://www.dnb.nl/media/iwgfuivt/policy-rules-for-the-dgs-for-banks-october-2021-third-version.pdf

वेबसाइट शुरू की जाती है जिसमें जमाकर्ता डच सरकार द्वारा जारी डिजिटल आईडी का उपयोग करके लॉग इन कर सकते हैं। जमाकर्ता पोर्टल में विफल बैंक में पूरी राशि देख सकते हैं और वैकल्पिक खाता संख्या दर्ज करने के बाद इसे एक बार में स्थानांतरित किया जा सकता है[16]। एक विवेकपूर्ण अभ्यास के रूप में प्रत्येक बैंक ग्राहकों को डच जमा गारंटी द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में वार्षिक आधार पर सूचित करने के लिए बाध्य है।

संयुक्त राज्य अमेरिका

बैंक विफलता एक संघीय या राज्य बैंकिंग नियामक एजेंसी द्वारा बैंक को बंद करना है, जो आम तौर पर जमाकर्ताओं और अन्य लोगों के लिए अपने दायित्वों को पूरा करने में बैंक की अक्षमता के परिणामस्वरूप होता है। बैंक की विफलता की अप्रत्याशित स्थिति में, एफ़डीआईसी यह सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से कार्य करता है कि जमाकर्ताओं को उनकी बीमाकृत जमाराशियों तक त्वरित पहुँच प्राप्त हो। बैंक की विफलता के बाद एफ़डीआईसी दो क्षमताओं में कार्य करता है: बैंक की जमाराशियों के "बीमाकर्ता" के रूप में, एफ़डीआईसी जमाकर्ताओं को बीमा सीमा तक जमा बीमा का भुगतान करता है; और विफल बैंक के "रिसीवर" के रूप में, एफ़डीआईसी विफल बैंक की संपत्ति को इकट्ठा करने व बेचने और उसके ऋणों को निपटाने का कार्य ग्रहण करता है, जिसमें बीमित सीमा से अधिक जमा के दावे भी शामिल हैं । एक बीमित वित्तीय संस्थान की समाधान योजना और विफलता के दौरान, यह संस्था और उसकी संपत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करता है, और उन व्यक्तियों की प्रतिपूर्ति करता है जिनके पास संस्था में बीमित जमा राशि है। अपनी रिसीवरशिप क्षमता में काम करते हुए इन जमाकर्ताओं और लेनदारों से दावों का विश्लेषण और प्रोसेस करने के लिए और यह निर्धारित करने के लिए कि क्या ये व्यक्ति या संस्थाएं एफ़डीआईसी से भुगतान प्राप्त करने के हकदार हैं, थोड़ा समय उपलब्ध होता है[17]।

बीमा निर्धारण और भुगतान में शामिल प्रक्रियाएं नीचे दिये गए विवरणानुसार आईटी सिस्टम का उपयोग करती हैं:

(i) दावा प्रशासन प्रणाली (सीएएस): यह वित्तीय संस्थान की समापन प्रक्रिया के दौरान जमाकर्ता सूचना फाइलों के एफडीआईसी को समग्र हस्तांतरण के हिस्से के रूप में जमाकर्ता जानकारी वाले डेटासेट लोड करने के लिए है;

(ii) गैर-जमा दावे (एनडीसी): वित्तीय संस्थान बंद करने की प्रक्रिया के दौरान, एफडीआईसी एनडीसी को संसाधित करने के लिए भी जिम्मेदार है। एनडीसी कई व्यवसायों, सरकारी एजेंसियों या अन्य संस्थाओं से आ सकते हैं। एनडीसी लेनदार दावों के डेटा के संग्रह का समर्थन करता है जिसे एफडीआईसी को रिसीवर क्षमता में प्रस्तुत किया गया था।

(iii) लाभांश प्रसंस्करण प्रणाली (डीपीएस): डीपीएस का उद्देश्य सिद्ध दावेदारों को उचित भुगतान की गणना करना और भुगतान जारी करना है, साथ ही उन भुगतानों का एफडीआईसी के नए वित्तीय पर्यावरण (एनएफई) जनरल लेजर के साथ मिलान करना है।

(iv) प्रोविजनल होल्ड सिस्टम (पीएचएस) और एसोसिएटेड स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) एप्लीकेशन: एफडीआईसी इसे भेजे गए डिपॉजिट, होल्ड और स्वीप फाइलों के डेटा फॉर्मेट और संबंध को सत्यापित और मान्य करने के लिए और बंद होने से पहले और बाद में वित्तीय संस्थान द्वारा रखे गए अनंतिम होल्ड की सटीकता को मान्य करने के लिए पीएचएस और एसएएस एप्लिकेशन का उपयोग करता है। जब कोई संस्था विफल हो जाती है, तो एफ़डीआईसी संस्था की जमाराशियों को अधिग्रहण करने वाली संस्था को हस्तांतरित करने की सुविधा देता है या बीमित जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान

16. https://www.dnb.nl/en/reliable-financial-sector/dutch-deposit-guarantee/faq-dutch-deposit-guarantee/

17. एफ़डीआईसी (2021), बीमा निर्धारण और भुगतान के लिए गोपनीयता प्रभाव आकलन , अगस्त

करता है। सीएएस और डीपीएस के साथ, एफ़डीआईसी यह सुनिश्चित करने के लिए पीएचएस का उपयोग करता है कि एफ़डीआईसी विफल बीमित संस्थानों को समाधान प्रदान करने के लिए अपने कानूनी दायित्व को पूरा कर सकता है और जमाकर्ताओं को समय पर तरलता प्रदान कर सकता है, आमतौर पर 48 व्यावसायिक घंटों के भीतर।

(v) रिसीवरशिप अनुरोध प्रबंधन पोर्टल (आरआरएमपी): एफडीआईसी आरआरएमपी का उपयोग विफल वित्तीय संस्थान जमाकर्ताओं, गैर-जमा दावेदारों और जमा दलालों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों, पूछताछ और अपडेट को ट्रैक और प्रबंधित करने के लिए करता है।

भारत

भारत में, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के पास विपंजीकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करने का अधिदेश है, जहां वाणिज्यिक बैंकों के मामले में नियामक जबकि शहरी सहकारी बैंकों के मामले में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार / सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार द्वारा परिसमापक की नियुक्ति की जाती है। परिसमापक को एक निर्धारित समय के भीतर ₹5,00,000 की जमा बीमा सीमा तक दावों की प्रतिपूर्ति के लिए जमाकर्ताओं की सूची ''समान क्षमता में और समान अधिकार में'' डीआईसीजीसी को प्रस्तुत करना आवश्यक है। डीआईसीजीसी को परिसमापक से जमाकर्ताओं की सूची प्राप्त होने पर दो महीने के भीतर पात्र जमाकर्ताओं को भुगतान करना आवश्यक है। निगम समाधान प्रक्रिया में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जहां सक्षम प्राधिकारी द्वारा विलय/समामेलन/ पुनर्निर्माण की एक योजना स्वीकृत होने के बाद बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को ₹ 5,00,000 की बीमा सीमा तक के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा डीआईसीजीसी (संशोधन) अधिनियम, 1961 के अनुसार, जो 1 सितंबर, 2021 से प्रभावी हुआ, डीआईसीजीसी रिजर्व बैंक द्वारा 'सर्व समावेशी निर्देश' जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ जमा निकासी पर प्रतिबंध होता है, के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को निर्देश लगाए जाने के 90 दिनों के भीतर ₹ 5,00,000 के जमा बीमा कवर तक का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। जमाकर्ताओं द्वारा सम्मति प्रस्तुत करने की सुविधा के लिए एक समर्पित पोर्टल मौजूद है। जमाकर्ता का भुगतान आम तौर पर एक एजेंसी बैंक के माध्यम से किया जाता है। एआईडी के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को इलेक्ट्रॉनिक संदेशों के माध्यम से दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बारे में सूचित किया जाता है (भारत में विस्तृत दावा निपटान प्रक्रिया के लिए कृपया इस रिपोर्ट का विहंगावलोकन अध्याय देखें)।

निष्कर्ष

28 क्षेत्राधिकारों के मामले में जमा बीमा कवर की जांच से पता चलता है कि प्रति व्यक्ति आय के संबंध में माध्यिका जमा बीमा कवर 3.0 है जो प्रति व्यक्ति आय के दो गुना के नियम से काफी ऊपर है। भारत के मामले में 2.9 का अनुपात 2 गुना के नियम से काफी ऊपर है और 28 देशों के माध्यिका अनुपात के आसपास भी है। जर्मनी जैसे कुछ क्षेत्राधिकारों को छोड़कर, जहां कई जमा बीमा एजेंसियां संचालित होती हैं, वैधानिक जमा बीमा कवर के ऊपर और ऊपर स्वैच्छिक जमा बीमा कवर प्रदान करती हैं, पेश किए गए जमा बीमा कवर व्यापक रूप से एक समान है। कनाडा में कुछ प्रांतों में प्रांतीय चार्टर्ड क्रेडिट यूनियनों द्वारा प्रदान किया गया जमा बीमा कवर सीडीआईसी द्वारा पेश किए गए जमा बीमा कवर से अलग है। दक्षिण कोरिया के मामले में संस्थानों का कवरेज कुछ अनोखा है जहां बैंकों, बीमा व्यापारियों और दलालों, बीमा कंपनियों, व्यापारी बैंकों और पारस्परिक बचत बैंकों द्वारा पेश किए गए वित्तीय उत्पादों को भी जमा बीमा के तहत कवर किया जाता है।

ई-मनी या डिजिटल स्टोर्ड वैल्यू उत्पाद काफी हद तक जमा बीमा के दायरे में नहीं आते हैं, हालांकि बैंक खातों से लिंकेज के साथ ई-मनी जारी करना कुछ क्षेत्राधिकारों में जमा सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सभी क्षेत्रों में, जमा बीमा कवर के दायरे में ई-मनी और डिजिटल स्टोर्ड वैल्यू उत्पादों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के प्रयास चल रहे हैं। जमा बीमा का

विस्तार करने से पहले वैश्विक स्तर पर डीआई को फिनटेक प्लेटफॉर्म, उनके उत्पादों और व्यावसायिक रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अन्य हितधारकों के सहयोग की आवश्यकता होगी । जमा बीमाकर्ताओं को जमा सुरक्षा पर सूचना विषमता को दूर करने के लिए इस दिशा में जन जागरूकता पहल बढ़ाने की भी आवश्यकता होगी। चुनिंदा क्षेत्राधिकारों द्वारा अपनाई गई त्वरित दावा निपटान प्रक्रिया में सर्वोत्तम प्रथाओं के सुझाव के अनुसार, *अन्य बातों* के साथ-साथ, बैंक की विफलता की उच्च संभावना होने पर प्रारंभिक परीक्षा, त्वरित पुनर्भुगतान के लिए अग्रिम रूप से मजबूत डेटा बेस का निर्माण और दावा निपटान पर जमाकर्ताओं की जानकारी के लिए आईटी सक्षम ग्राहक इंटरफ़ेस आवश्यक है।

अनुबंध 1: दिसंबर 2021 की स्थिति के अनुसार चुनिंदा देशों में जमा बीमा कवर और प्रति व्यक्ति आय

क्रमांक	देश	डीआई कवर (यूएसडी)	प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई)	डीआई कवर / पीसीआई	प्रीमियम लगाना
1	सिंगापुर	56,732	66,263	0.86	विभेदक
2	विएतनाम	3,239	3,694	0.89	एक समान
3	दक्षिण कोरिया	46,041	35,196	1.31	विभेदक
4	कनाडा	78,555	52,791	1.49	दोनों
5	रूस	18,933	11,654	1.62	विभेदक
6	टर्की	20,165	9,327	2.16	विभेदक
7	स्वीडन	1,27,467	58,639	2.17	विभेदक
8	जापान	96,862	40,704	2.38	एक समान
9	जर्मनी	1,22,160	50,788	2.41	विभेदक
10	यूनाइटेड किंगडम	1,16,215	46,200	2.52	विभेदक
11	फ्रांस	1,22,160	45,028	2.71	विभेदक
12	नॉर्वे	2,32,566	82,244	2.83	विभेदक
13	फिलीपींस	10,414	3,646	2.86	एक समान
14	**भारत**	**6,844**	**2,277**	**3.01**	**एक समान**
15	चीनी ताइपे	1,06,800	33,402	3.20	दोनों
16	इटली	1,22,160	35,585	3.43	विभेदक
17	संयुक्त राज्य अमेरिका	2,50,000	69,375	3.60	दोनों
18	स्लोवेनिया	1,22,160	28,939	4.22	एक समान
19	चेक गणतंत्र	1,22,160	25,806	4.73	विभेदक
20	पुर्तगाल	1,22,160	24,457	4.99	दोनों
21	मलेशिया	61,721	11,604	5.32	विभेदक
22	ग्रीस	1,22,160	19,827	6.16	विभेदक
23	हंगरी	1,22,160	18,528	6.59	एक समान
24	ब्राज़िल	48,136	7,011	6.87	एक समान
25	पोलैंड- बैंक	1,22,160	16,930	7.22	एक समान
26	रोमानिया	1,22,160	14,968	8.16	विभेदक
27	बुल्गारिया	1,22,160	11,321	10.79	विभेदक
28	मेक्सिको	1,32,783	9,926	13.38	एक समान

स्रोत : आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण, 2021। विश्व बैंक डाटा बेस।

अनुबंध 2: चुनिंदा देशों में जमा बीमा कवरेज अनुपात (आईडी/एडी) और बीमित जमाराशियों के प्रमुख घटक

क्रमांक	देश	आईडी/ एडी अनुपात	बीमित जमाराशियों के घटक	आरक्षित अनुपात
1	संयुक्त राज्य अमेरिका	0.51	बचत और चेकिंग खाते, मुद्रा बाजार जमा खाते, जमा प्रमाणपत्र (सीडी), प्रीपेड कार्ड (यह मानते हुए कि कुछ एफ़डीआईसी आवश्यकताओं को पूरा किया गया है)	1.29
2	कनाडा	0.36	बचत और चेकिंग खाते, गारंटीकृत निवेश प्रमाणपत्र (जीआईसी) और अन्य सावधि जमा, विदेशी मुद्रा जमा	0.62
3	जर्मनी	0.68	बचत और चेकिंग खाता, वार्षिकी अनुबंध, विदेशी मुद्रा जमा	0.52
4	चीनी ताइपे	0.49	चेकिंग खाते, मांग जमा, सावधि जमा, कुछ वित्तीय संस्थानों में जमा किए जाने के लिए कानून द्वारा अपेक्षित जमा, अन्य जमा जिन्हें वित्तीय पर्यवेक्षी आयोग ने बीमा योग्य के रूप में अनुमोदित किया है	0.47
5	जापान	0.73	जमा, किस्त बचत, किस्त जमा, मूलधन की गारंटी के तहत धन ट्रस्ट, बैंक डिबेंचर (कस्टडी उत्पादों तक सीमित)	0.53
6	चेक गणतंत्र	0.65	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा	1.77
7	पोलैंड- बैंक	0.71	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा	1.81
8	मलेशिया	0.32	बचत, चालू, फिक्स्ड, विदेशी मुद्रा जमा, इस्लामी जमा, बैंक ड्राफ्ट, चेक, जमा खाते के सापेक्ष किए गए अन्य भुगतान निर्देश या साधन	0.51
9	पुर्तगाल	0.72	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा, सरकारी जमा	1.04
10	भारत	0.50	बचत, सावधि, चालू, आवर्ती जमा	1.70
11	इटली	0.62	बचत और चेकिंग खाता, सीडी, चेक के प्रमाणित ड्राफ्ट, विदेशी मुद्रा जमा	0.22
12	बुल्गारिया	0.71	बचत और चेकिंग खाता, सीडी, यात्री चेक, मनी ऑर्डर, विदेशी मुद्रा जमा	1.77
13	फिलीपींस	0.21	बचत और चेकिंग खाता, सीडी, विदेशी मुद्रा जमा, अंतर बैंक जमा, सरकारी जमा	6.99
14	हंगरी	0.55	बचत और चेकिंग खाता, सीडी, विदेशी मुद्रा जमा	0.46
15	रोमानिया	0.58	सावधि जमा, चालू खाता, बचत खाता, डेबिट/क्रेडिट कार्ड खाता, जमा खाता, संयुक्त खाता।	2.71
16	नॉर्वे	0.63	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा	1.23
17	ग्रीस	0.75	बचत खाता, विदेशी मुद्रा जमा	3.12
18	दक्षिण कोरिया	0.51	बचत और चेकिंग खाता, सीडी, यात्री चेक, चेक के प्रमाणित ड्राफ्ट, विदेशी मुद्रा जमा	0.49
19	ब्राज़िल	0.53	बचत और चेकिंग खाता, सीडी	3.71
20	रूस	0.54	बचत खाता, सीडी, विदेशी मुद्रा जमा	0.28
21	टर्की	0.41	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा	7.90
22	स्पेन	0.68	बचत और चेकिंग खाता, विदेशी मुद्रा जमा	0.51
23	मेक्सिको	0.55	बचत खाता, सीडी	1.29
24	मैसेडोनिया	0.72	बचत खाता, सीडी, विदेशी मुद्रा जमा	6.83
25	एल साल्वाडोर	0.27	बचत खाता, चेकिंग खाता, सीडी, विदेशी मुद्रा जमा, सरकारी जमा	5.29

स्रोत : आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण, 2021।

अनुबंध 3 : चुनिंदा क्षेत्राधिकारों में जमा बीमा का दायरा, कवरेज और ई-मनी के प्रति व्यवहार

देश/जमा बीमा एजेंसी	दायरा	कवरेज	ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों के प्रति व्यवहार
संयुक्त राज्य अमेरिका **संघीय जमा बीमा निगम/ राष्ट्रीय क्रेडिट यूनियन प्रशासन**	संयुक्त राज्य अमेरिका में संस्था के प्रकार के आधार पर दो संघीय अधिकार प्राप्त जमा बीमा प्रणालियाँ (डीआईएस) हैं: (i) बैंकों और बचत संघों (थ्रिफ्ट) में जमा जमाराशियों का बीमा संघीय जमा बीमा निगम (एफ़डीआईसी) द्वारा किया जाता है; और (ii) क्रेडिट यूनियनों में जमा राशि का बीमा राष्ट्रीय क्रेडिट यूनियन प्रशासन (एनसीयूए) द्वारा एक अलग विधायी आदेश के तहत किया जाता है। एफडीआईसी संयुक्त राज्य सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी है जो बैंक जमाकर्ताओं को बीमित बैंक या बचत संघ के विफल होने की स्थिति में उनकी बीमित जमा राशि के नुकसान से बचाती है। 1970 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बनाया गया एनसीयूए एक स्वतंत्र संघीय एजेंसी है जो संघ द्वारा बीमित क्रेडिट यूनियनों में जमा राशि का बीमा करती है, उन सदस्यों की सुरक्षा करती है जो क्रेडिट यूनियनों के मालिक हैं, और चार्टर और संघीय क्रेडिट यूनियनों को नियंत्रित करता है । यह नेशनल क्रेडिट यूनियन शेयर इंश्योरेंस फंड के जोखिमों की पहचान, निगरानी और उन्हें कम करके क्रेडिट यूनियन सिस्टम की सुरक्षा और सुदृढ़ता की रक्षा करता है । शेयर बीमा कोष सभी संघीय क्रेडिट यूनियनों और अधिकांश राज्य-चार्टर्ड क्रेडिट यूनियनों[18] में खाताधारकों को $250,000 तक का संघीय शेयर बीमा प्रदान करता है ।	कवरेज इस बात पर निर्भर करता है क्या चुना गया वित्तीय उत्पाद एक जमा उत्पाद है; और क्या बैंक एफ़डीआईसी द्वारा बीमित है। कवरेज में चेकिंग खाते, निकासी के परक्राम्य आदेश खाते, बचत खाते, मुद्रा बाजार जमा खाते, सावधि जमा जैसे जमा प्रमाणपत्र (सीडी), कैशियर चेक, मनी ऑर्डर और बैंक द्वारा जारी अन्य आधिकारिक मदें शामिल हैं। प्रत्येक खाता स्वामित्व श्रेणी के लिए मानक बीमा राशि $250,000 प्रति जमाकर्ता, प्रति बीमित बैंक है। चूंकि विभिन्न खाता स्वामित्व श्रेणियों में जमा राशि के लिए अलग-अलग कवरेज प्रदान की जाती है जमाकर्ता $250,000 से अधिक के कवरेज के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं यदि उनके पास विभिन्न स्वामित्व श्रेणियों में धन है और सभी एफ़डीआईसी अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है। एफ़डीआईसी कवर में स्टॉक निवेश, बॉन्ड निवेश, म्यूचुअल फंड, जीवन बीमा पॉलिसियां, वार्षिकियां, नगरपालिका प्रतिभूतियां, सुरक्षित जमा बॉक्स या उनकी सामग्री, और यूएस ट्रेजरी बिल, बांड या नोट शामिल नहीं हैं [19]।	भले ही प्रीपेड कार्ड जारीकर्ता बैंक हों या मनी ट्रांसमीटर, बैंकों के पास जमा कार्डधारकों के फंड का बीमा एफ़डीआईसी नियमों के आधार पर किया जाता है। पासथ्रू प्रीपेड कार्ड जैसे संग्रहीत मूल्य कार्ड के मालिकों को कुछ नियामक आवश्यकताओं की पूर्ति के अधीन एक बीमित डिपॉजिटरी संस्थान में जमा के मालिक के रूप में मान्यता देता है[20] ।

18. नेशनल क्रेडिट यूनियन एडमिनिस्ट्रेशन वेबसाइट।

19. एफडीआईसी वेबसाइट।

20. हिरोआकी कुवाहरा और काज़ुकी हारा (2022), प्रीपेड कार्ड: जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ की एक केस स्टडी, आईएडीआई फिनटेक ब्रीफ संख्या 10

अनुबंध 3 : *(जारी)*

देश/जमा बीमा एजेंसी	दायरा	कवरेज	ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों के प्रति व्यवहार
साउथ कोरिया **कोरिया जमा बिमा निगम**	कोरिया जमा बिमा निगम (केडीआईसी) ने बैंक जमाकर्ताओं के संरक्षक के रूप में शुरुआत की, जबकि गैर-बैंक वित्तीय क्षेत्रों के लिए अलग फंड थे। कवरेज शुरू में प्रति जमाकर्ता केआरडबल्यू 20 मिलियन था, लेकिन 1997 के एशियाई वित्तीय संकट के परिणामस्वरूप हुई वित्तीय अस्थिरता ने सरकार को एक अस्थायी व्यापक कवरेज योजना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जमा संरक्षण अधिनियम को 1997 के अंत में संशोधित किया गया और, तदनुसार, अलग-अलग जमा बीमा निधियों को अप्रैल 1998 में केडीआईसी के जमा बीमा कोष में समेकित किया गया। न केवल बैंकों की जमा राशि बल्कि प्रतिभूति कंपनियों, बीमा कंपनियों, मर्चेंट बैंकों, म्यूचुअल सेविंग बैंक, और क्रेडिट यूनियन (2004 से कवरेज से बाहर) द्वारा धारित जमाराशियाँ भी सुरक्षा के पात्र बन गए। इसने एकल, व्यापक और एकीकृत जमा बीमा प्रणाली बनाई जो वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने और वित्तीय प्रणाली में जनता के विश्वास को सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई थी। 2001 में केआरडबल्यू 50 मिलियन के सीमित कवरेज के लिए परिवर्तन किया गया । वित्तीय बाजार में स्थायी स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उच्च सीमा की स्थापना की गई थी। चूंकि प्रणाली नैतिक खतरे के जोखिम से सुरक्षित नहीं है, केडीआईसी बीमाकृत वित्तीय संस्थानों के वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों जोखिमों की बारीकी से निगरानी करता है[21] ।	बीमाकृत वित्तीय उत्पादों में बैंकों के मामले में मांग जमा, बचत जमा, किस्त जमा, विदेशी मुद्रा जमा, परिभाषित योगदान सेवानिवृत्ति पेंशन खाते में जमा अथवा व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति पेंशन खाते जो केडीआईसी-बीमित उत्पादों में निवेश किए जाते हैं, जमा सुरक्षा के अधीन वित्तीय उत्पाद जो व्यक्तिगत बचत खातों में शामिल हैंऔर मूल गारंटी के साथ मनी ट्रस्ट शामिल किए गए हैं।	-

21. कोरिया जमा बीमा निगम की वेबसाइट।

अनुबंध 3 : *(जारी)*

देश/जमा बीमा एजेंसी	दायरा	कवरेज	ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों के प्रति व्यवहार
कनाडा **कनाडा जमा बीमा निगम**	कनाडा में, जमाकर्ताओं का बीमा या तो राष्ट्रीय स्तर पर कनाडा जमा बीमा निगम (सीडीआईसी) द्वारा या प्रांतीय स्तर पर स्थानीय जमा बीमाकर्ता प्रणालियों (डीआई) द्वारा किया जाता है। सीडीआईसी संघीय चार्टर्ड बैंकों, ट्रस्ट कंपनियों, ऋण कंपनियों, सहकारी क्रेडिट संघों और क्रेडिट यूनियनों, और प्रांतीय चार्टर्ड ट्रस्ट कंपनियों और ऋण कंपनियों में प्रति जमाकर्ता और संस्थान सीएडी$ 100,000 तक जमा राशि का बीमा करता है। प्रांतीय चार्टर्ड क्रेडिट यूनियनों और केस्स पॉप्यूल (caisses *populaires*) में जमा अपने प्रांत के भीतर काम करने के लिए प्रतिबंधित हैं और प्रांतीय स्तर पर जमा बीमाकर्ताओं द्वारा बीमाकृत हैं [22]।	सीडीआईसी में चेकिंग खाते, बचत खाते, कर-मुक्त बचत खाते, गारंटीकृत निवेश प्रमाणपत्र और पांच साल या उससे कम समय में परिपक्व होने वाली अन्य सावधि जमा, मनी ऑर्डर, बैंक ड्राफ्ट और सदस्यों द्वारा जारी किए गए प्रमाणित चेक शामिल हैं। विदेशी मुद्रा खाते, जैसे अमेरिकी डॉलर में जमा, कुछ सेवानिवृत्ति खातों में जमा, जैसे पंजीकृत सेवानिवृत्ति बचत योजना और पंजीकृत सेवानिवृत्ति आय कोष, पंजीकृत शिक्षा बचत योजनाओं में जमा और प्रति लाभार्थी सीएडी$100,000 तक की पंजीकृत दिव्यांगता बचत योजना योजनाएँ जमा बीमा के अंतर्गत आती हैं। संघीय क्रेडिट यूनियनों में जमा सीडीआईसी के अंतर्गत आते हैं। प्रांतीय क्रेडिट यूनियनों में धारित जमाराशियों प्रांतीय जमा बीमाकर्ताओं द्वारा कवर किया जाता है और कवरेज प्रांत के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है जो सीएडी $100,000 कवरेज सीमा (ओंटारियो, क्यूबेक) से लेकर पूर्ण जमा कवरेज (अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया, मैनिटोबा और सस्केचेवान) तक हो सकती है ।	जमा सुरक्षा, सीडीआईसी सदस्य संस्थानों में जमा रखने वाले तृतीय पक्षों द्वारा पेश किए गए ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों[23] पर अप्रत्यक्ष रूप से लागू हो सकती है, यह इस पर निर्भर करता है कि 1) क्या जमा सीडीआईसी पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और 2) सीडीआईसी सदस्य संस्थान में निधि कैसे धारित है। परिणामस्वरूप, समान जमा जैसे उत्पाद, जैसे प्रीपेड कार्ड, में सदस्य संस्थान की विफलता की स्थिति में इन उत्पादों के उपभोक्ताओं के लिए जमा सुरक्षा का एक अलग स्तर हो सकता है।

22. एफएसबी (2012), जमा बीमा प्रणाली पर विषयगत समीक्षा: पीयर रिव्यू रिपोर्ट, फरवरी।

23. कनाडा में ई-मनी या डिजिटल स्टोर्ड वैल्यू उत्पाद पदों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जाता है। इसके बजाय, कानून एंड-यूज़र फंड्स को संदर्भित करता है।

अनुबंध 3 : *(जारी)*

देश/जमा बीमा एजेंसी	दायरा	कवरेज	ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों के प्रति व्यवहार
यूरोपीय संघ **जमा गारंटी योजना**	जमा गारंटी योजना निर्देश (डीजीएसडी) 2014 में पूरे यूरोपीय संघ (ईयू) में पेश किया गया था। यह 1994 में शुरू किए गए मूल डीजीएसडी का वैश्विक वित्तीय संकट के बाद एक संशोधन था। डीजीएसडी सभी 28 यूरोपीय संघ के देशों में कानून बन गया और इसे 3 जुलाई, 2015 तक राष्ट्रीय कानून में शामिल किया जाना था। इसे अधिकतम सामंजस्य निर्देश माना जाता है, जिसका अर्थ है कि राष्ट्रीय कानून निर्देश की शर्तों से ऊपर नहीं हो सकता है। जमाकर्ताओं के लिए सुरक्षा प्रदान करने, बैंक रन के जोखिम को कम करने और संपूर्ण यूरोपीय संघ बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता की रक्षा करने के लिए डीजीएसडी को यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों को अपने अधिकार क्षेत्र में कम से कम एक जमा गारंटी योजना (डीजीएस) शुरू करने की आवश्यकता है जिसमें सभी जमा स्वीकार करने वालों को शामिल होना चाहिए। कवरेज सीमा ईयूआर 100,000 है। डीजीएसडी यूरोपीय आयोग को मुद्रास्फीति के लिए समायोजन करने और कम से कम हर पांच साल में कवरेज स्तर की समीक्षा करने का अधिकार देता है।	कुछ जमाराशियाँ, जैसे कि जो जीवन की घटनाओं (तलाक, सेवानिवृत्ति, बेकारी, अमान्यता या मृत्यु) से जुड़ी हुई हैं और आमतौर पर यह टीएचबी, अस्थायी उच्च शेष कहलाती हैं। इन्हें एक सीमित अवधि के लिए ईयूआर 100,000 से अधिक के लिए संरक्षित की जा सकती हैं। डीजीएस को व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा धारित सभी जमाओं की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन वित्तीय संस्थानों, पेंशन और सेवानिवृत्ति निधियों और सार्वजनिक प्राधिकरणों की जमाराशियों को कवरेज से बाहर रखा गया है। सदस्य राज्य इससे हटकर छोटे और मध्यम उद्यमों की पेंशन योजनाओं और स्थानीय प्राधिकारियों की जमा राशि के लिए सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं[24]। जर्मनी में, वाणिज्यिक बैंक दो वैधानिक सुरक्षा प्रणालियों द्वारा कवर किए जाते हैं, जर्मन निजी बैंक संघ और जर्मन सार्वजनिक बैंक संघ। ये बैंक स्वैच्छिक और निजी तौर पर संचालित सुरक्षा प्रणाली में भी शामिल हो सकते हैं जो वैधानिक प्रणाली को प्रभावी ढंग से "टॉप अप" करती है। वे ईयूआर 100,000 से अधिक सुरक्षा स्तर प्रदान करते हैं और अधिक प्रकार के जमाकर्ताओं और जमाओं को कवर करते हैं। सहकारी और बचत बैंकों के लिए संस्थागत सुरक्षा प्रणाली, संस्थाओं की व्यवहार्यता की रक्षा करके, केवल जमाकर्ताओं की बजाय विभिन्न व्यवस्थाओं और गारंटियों के माध्यम से सहकारी बैंकों और बचत बैंकों की रक्षा करती है। इन दो प्रणालियों के सदस्य संस्थान सांविधिक डीजीएस में भाग नहीं लेते[25]।	ईयू में जमा गारंटी योजना पर यूरोपीय संघ के निर्देश के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक मनी और इलेक्ट्रॉनिक मनी के बदले प्राप्त धन को जमा के रूप में नहीं माना जाना चाहिए[26]।

24. आईएडीआई (2021) जमा बीमा कवरेज स्तर और दायरा, शोध पत्र, दिसंबर।
25. एफएसबी (2012), जमा बीमा प्रणाली पर विषयगत समीक्षा: सहकर्मी समीक्षा रिपोर्ट, फरवरी 8।
26. जमा गारंटी योजनाओं पर यूरोपीय संसद और 16 अप्रैल 2014 की परिषद के निर्देश 2014/49/ईयू।

अनुबंध 3 : *(समाप्त)*

देश/जमा बीमा एजेंसी	दायरा	कवरेज	ई-मनी और डिजिटल संग्रहीत मूल्य उत्पादों के प्रति व्यवहार
जापान जापान जमा बीमा निगम	जापान जमा बीमा निगम (डीआईसीजे) को जापान में जमा बीमा प्रणाली स्थापित करने और जमाकर्ताओं और अन्य की सुरक्षा के लिए वित्तीय प्रणाली की स्थिरता के रखरखाव में योगदान करने के लिए और विफल वित्तीय संस्थानों से संबंधित निधियों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए अधिदेशित है। 'व्यवस्थित समाधान' व्यवस्था शुरू करने के लिए जून 2013 में डीआई अधिनियम में संशोधन किया गया। बैंकों और ऋण सहकारी समितियों के लिए डीआईसीजे के अलावा, कृषि और मत्स्य सहकारी बचत बीमा निगम (एएफसीएसआईसी) मौजूद है।	जमा की श्रेणी के अंतर्गत आने वाली भुगतान और निपटान उद्देश्यों के लिए जमाराशियां (जो तीन आवश्यकताओं को पूरा करती हैं: कोई ब्याज नहीं, मांग पर देय, और भुगतान और निपटान सेवाएं प्रदान करने में सक्षम) पूरी तरह से सुरक्षित हैं, जबकि अन्य श्रेणियों (सामान्य जमा) के अंतर्गत आने वाली जमाराशियों को प्रति संस्थान प्रति जमाकर्ता विफलता के दिन तक 10 मिलियन येन और ब्याज तक संरक्षित किया जाता है। सामान्य जमा में शामिल हैं, ब्याज वाली साधारण जमा, सावधि जमा, नोटिस पर जमा, बचत जमा, करों की तैयारी के लिए जमा, किस्त बचत, किस्त जमा, मूलधन की गारंटी के तहत धन ट्रस्ट, बैंक डिबेंचर (कस्टडी उत्पादों तक सीमित)।	प्रीपेड कार्ड (या उनके संग्रहीत मूल्य) को जमा के रूप में नहीं माना जाता है क्योंकि वे नकद-प्रतिदेय नहीं हैं, और जमा बीमा द्वारा संरक्षित नहीं हैं[27] ।

27. पूर्वोक्त फुटनोट 9

3. निदेशक मंडल की रिपोर्ट

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I : परिचालन और कार्य पद्धति

जमा बीमा छोटे जमाकर्ता के हितों की रक्षा करके और इस तरह जनता का विश्वास सुनिश्चित करके वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली और डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 के तहत गठित निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) को भारत में जमा बीमा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2021-22 के दौरान निगम के प्रमुख कार्य यथा दावों का निपटान, प्रीमियम संग्रह, निपटाए गए दावों की वसूली, निधियों का निवेश, लेखा मामलों और कर अनुपालन को संतोषजनक ढंग से पूरा किया गया।

वर्ष के दौरान एक ऐतिहासिक घटना अगस्त 2021 में डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 में संशोधन थी, जिसने आरबीआई द्वारा 'सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी)' के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को समयबद्ध अंतरिम भुगतान को सक्षम किया, जो आमतौर पर अन्य अधिकार क्षेत्रों में नहीं देखा जाता है। संशोधनों ने अपनी समाधान भूमिका के संदर्भ में डीआईसीजीसी के मेनडेट को मजबूत किया है। इस मील के पत्थर को यादगार बनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री और गवर्नर, आरबीआई ने राष्ट्र को संबोधित किया और 12 दिसंबर, 2021 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में चुनिंदा बैंकों के जमाकर्ताओं को चेक वितरित किए। इन संशोधनों के अनुसरण में, एआईडी के तहत रखे गए 22 शहरी सहकारी बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों को डीआईसीजीसी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निपटाया गया। एक अन्य प्रमुख ऐतिहासिक घटना यूनिटी लघु वित्त बैंक (यूएसएफबी) को विलय पर तत्कालीन पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक लिमिटेड (पीएमसीबीएल) के जमाकर्ताओं को जमा बीमा भुगतान करने के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान था। इस रिपोर्ट में वित्तीय खातों की प्रमुख विशेषताओं के साथ-साथ निगम के कामकाज के प्रमुख परिचालन मानकों को प्रस्तुत किया गया है।

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ *

	विवरण	निम्न तिथियों के अनुसार स्थिति	
		31 मार्च 2022	31 मार्च 2021
1	खातों की कुल सं. (करोड़)	262.2	252.6
2	पूर्णतया संरक्षित खाते (करोड़) ^	256.7	247.8
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	97.9	98.1
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़)	1,65,49,630	1,49,67,770
5	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ करोड़)	81,10,431	76,21,251
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	49.01	50.9

* सितंबर 2021 और सितंबर 2020 के जमा आधार के आधार पर यानी संदर्भ तिथि से छह महीने पहले।
^ जमा बीमा द्वारा कवर किए गए खातों को संदर्भित करता है।

निगम के पास पंजीकृत बीमित बैंकों की संख्या 31 मार्च, 2022 तक 2,040 थी जिसमें 141 वाणिज्यिक बैंक [6 भुगतान बैंक (पीबी), 12 लघु वित्त बैंक (एसएफबी), 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), दो स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी)] और 1,899 सहकारी बैंक (परिशिष्ट सारिणी 1) शामिल हैं। वर्ष के दौरान 21 सहकारी बैंकों का पंजीकरण रद्द किया गया; फिर भी, पंजीकृत संस्थाओं के मामले में सहकारी बैंक प्रमुख रहे (परिशिष्ट सारिणी 2)। वर्ष के दौरान, एक सहकारी बैंक और दो लघु वित्त बैंकों को बीमित बैंकों के रूप में पंजीकृत किया गया (परिशिष्ट सारिणी 3)।

I.1 निक्षेप बीमा योजना – मुख्य तथ्य

वर्तमान में निगम द्वारा उपलब्ध निक्षेप बीमा के अंतर्गत सभी वाणिज्यिक बैंकों (भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों सहित) और सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों (यूटी) में स्थित सहकारी बैंकों को शामिल किया गया है।

I.1.1 बीमाकृत जमाराशियाँ

मार्च 2022 के अंत में पूरी तरह से संरक्षित खातों (256.7 करोड़) की संख्या बैंकिंग प्रणाली में कुल खातों की संख्या (262.2 करोड़) का 97.9 प्रतिशत थी, जबकि अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क 80 प्रतिशत है (परिशिष्ट सारिणी 4)। जमा बीमा सुरक्षा के अंतर्गत आने वाली जमाराशियों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की उच्चतम हिस्सेदारी 82.9 प्रतिशत है इसके बाद एलएबी 76.4 प्रतिशत, सहकारी बैंक 66.5 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की 54.1 प्रतिशत, एसएफबी 43.1 प्रतिशत, निजी क्षेत्र के बैंक 38.5 प्रतिशत और विदेशी बैंक की 10.8 प्रतिशत है (परिशिष्ट सारिणी 5)।

I.1.2 जमा बीमा प्रीमियम

2021-22 के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल प्रीमियम ₹19,491 करोड़ था, जिसमें वाणिज्यिक बैंकों का योगदान 93.6 प्रतिशत और सहकारी बैंकों का योगदान शेष 6.4 प्रतिशत था (सारणी 2)।

चार्ट 1: मार्च के अंत के अनुसार जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा का विस्तार



सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ करोड़ में)

वर्ष	एलएबी और आरआरबी सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2021-22	18,248	1,243	19,491
2020-21	16,341	1,176	17,517
2019-20	12,311	923	13,234
2018-19	11,192	851	12,043

I.1.3 चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा (सारिणी 3)।

सारिणी 3 : बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति

(प्रतिशत)

से	तक	बैंक दर	दंड स्वरूप ब्याज दर	चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर
22.05.2020	31.03.2022	4.25	8.00	12.25

I.2 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) बीमित बैंकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों[1] में निवेश पर प्राप्त कूपन आय से बनाया गया है। डीआईएफ को परिसमापकों / प्रशासकों / अंतरिती बैंकों से की गई वसूली से भी अंतर्वाह प्राप्त होता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन / पुनर्निमाण / समामेलन आदि के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च, 2022 को यह निधि ₹1,46,842 करोड़ थी, और आरक्षित अनुपात (आरआर)[2] 1.81 प्रतिशत (चार्ट 2) था।

चार्ट 2: निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



I.3 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधन की मुख्य विशेषताएं बॉक्स 3.1 में प्रदान की गई हैं।

2021-22 के दौरान, निगम ने परिसमाप्त बैंकों, विलय की गई संस्था बैंकों और एआईडी के तहत रखे गए बैंकों के बीमित जमाकर्ताओं के लिए ₹8,516.6 करोड़[3] के दावों का निपटारा किया। परिसमाप्त और विलय किए गए बैंकों के दावों पर ₹5,059.2 करोड़[4] (परिशिष्ट सारिणी 6 और चार्ट 3) और एआईडी के तहत बैंकों से संबंधित ₹3,457.4 करोड़ के दावों का निपटान किया। (परिशिष्ट सारिणी 6ए और चार्ट 3ए)। वाणिज्यिक बैंकों से कोई दावा नहीं किया गया था।

निगम के पास ₹44.5 करोड़ का प्रावधान है, जो अप्राप्य जमाकर्ताओं (दावा स्वीकृत लेकिन जमाकर्ता पता लगाने योग्य नहीं) के कारण परिसमापकों द्वारा वापस की गई राशि को दर्शाता है और भविष्य के दावों, यदि कोई हो, के निपटान के

बॉक्स 3.1: डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 में संशोधन की मुख्य विशेषताएं

1 सितंबर, 2021 से लागू हुए संशोधन के संदर्भ में, एक बीमित बैंक को एआईडी लगाने के 45 दिनों के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करना आवश्यक है। निगम को 30 दिनों के भीतर दावों का सत्यापन करवाना होता है और अगले 15 दिनों के भीतर जमाकर्ताओं को भुगतान करना होता है।

यदि आरबीआई बैंक को समामेलन/समझौता या व्यवस्था/ पुनर्निर्माण की योजना के तहत लाना समीचीन पाता है, तो अंतरिम जमा बीमा का भुगतान करने की निगम की देयता का भुगतान करने के लिए अवधि 90 दिनों के लिए और बढ़ा दी जाएगी।

अन्य संशोधनों में आरबीआई की मंजूरी के साथ बीमा प्रीमियम पर जमा राशि के प्रति 100 रुपये पर 15 पैसे की सीमा बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा, डीआईसीजीसी, अपने बोर्ड के अनुमोदन से, बीमित बैंक के लिए पुनर्भुगतान अवधि को स्थगित या बदल सकता है और देरी के मामले में रेपो दर पर 2 प्रतिशत का दंडात्मक ब्याज वसूल सकता है। इन संशोधनों के परिणामस्वरूप, दावों के निपटान और बीमाकृत बैंकों को दावों की वसूली के लिए समय देने से संबंधित प्रक्रिया पर विनियमों में भी संशोधन किया गया है।

1. निगम ने 1 अप्रैल, 2020 से पहले की 10 पैसे की दर से निर्धारणीय जमा राशि के प्रीमियम दर को बढ़ाकर 12 पैसे प्रति ₹100 कर दिया।
2. बीमाकृत जमाराशियों और डीआईएफ का अनुपात।
3. ₹8,516.6 करोड़ में परिसमाप्त/विलय किए गए बैंकों के दावों के लिए मंजूर ₹8,474.1 करोड़ और 'दावों के शीघ्र निपटान पर नीति - जमाकर्ताओं को बैंकों की तरल निधियों से भुगतान' के तहत डीआईसीजीसी द्वारा सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान करके तीन बैंकों को निपटान किया गया ₹42.6 करोड़ शामिल है जैसा कि परिशिष्ट तालिका 6 में दर्शाया गया है।
4. इसमें पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक लिमिटेड (यूनिटी लघु वित्त बैंक लिमिटेड के साथ समामेलन) योजना, 2022 के प्रावधानों के अनुसार निपटान किए गए पीएमसीबीएल के दावे के संबंध में स्वीकृत ₹3,791.6 करोड़ शामिल हैं।





लिए अज्ञात जमाकर्ताओं के लिए ₹202.3 करोड़ का प्रावधान है। ऐसे छह बैंक थे जिनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए थे और आकस्मिक देयता सृजित कर दी गई थी लेकिन दावे अभी प्राप्त नहीं हुए हैं (परिशिष्ट सारिणी 7)। एआईडी के तहत बैंकों के मामले में आकस्मिक देयता के तहत प्रावधान ₹ 2,619.1 करोड़ था (परिशिष्ट तालिका 7ए)।

दावों की प्राप्ति के बाद डीआईसीजीसी द्वारा परिसमाप्त बैंकों के मुख्य दावों के निपटान के लिए लिए गए दिनों की औसत संख्या 2020-21 के दौरान 7 दिनों के मुकाबले 2021-22 के दौरान घटकर 3 दिन हो गई, यानी 2 महीने के भीतर, जो कि डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में निर्धारित अवधि है।



I.4 निपटाए गए दावे / प्राप्त चुकौतियाँ

जमा बीमा की शुरुआत से 31 मार्च, 2022 तक 27 वाणिज्यिक बैंकों के संबंध में प्रदत्त दावों की संचयी राशि ₹295.9 करोड़ है, 374 परिसमाप्त सहकारी बैंकों के दावों के लिए ₹10,524.3 करोड़ (वर्ष के दौरान निपटाए गए ₹5,059.2 करोड़ सहित) (चार्ट 4 और परिशिष्ट सारिणी 8) और एआईडी के तहत रखे गए 22 सहकारी बैंकों के दावों के लिए ₹3,457.4 करोड़ (चार्ट 5 और परिशिष्ट सारिणी 8ए) है।

परिसमापकों/अंतरिती वाणिज्यिक बैंकों से प्राप्त संचयी वसूली 2021-22 के दौरान प्राप्त ₹2.9 करोड़ सहित कुल ₹155.9 करोड़ हो गई। वर्ष के दौरान 4 बैंकों के संबंध में ₹94.1 लाख की राशि बट्टे खाते में डाली गई है। सहकारी बैंकों के मामले में, परिसमापक/अंतरिती बैंकों से कुल वसूली ₹3,689[5] करोड़ हुई, जिसमें वर्ष के दौरान प्राप्त ₹399 करोड़ शामिल हैं।



5. तरल निधि के माध्यम से तीन बैंकों के मामले में त्वरित निपटान नीति के तहत निपटाए गए दावों की राशि ₹42.6 करोड़ को गणना से बाहर रखा गया है।

I.5 कोर्ट – मामले

31 मार्च, 2022 को निगम की जमा बीमा गतिविधि से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में लंबित अदालती मामलों की संख्या 31 मार्च, 2021 को 49 की तुलना में 55 थी। वर्ष के दौरान, कोई मामला बंद नहीं किया गया, जबकि पांच नए मामले दर्ज किए गए। 55 लंबित मामलों में से, छह मामले निगम (वसूली के लिए) द्वारा दायर किए गए थे, जबकि 49 मामले निगम को पक्ष या प्रतिवादी बनाते हुए (मुख्य रूप से परिसमापन/लाइसेंस रद्द करने/विनियामक कार्रवाई के खिलाफ) दायर किए गए थे।

चार्ट 6: मामलों का न्यायालयवार ब्रेकअप 2021-22



I.6 ऋण गारंटी योजनाएं

वर्तमान में निगम द्वारा कोई भी ऋण (क्रेडिट) गारंटी योजना नहीं चलाई जा रही है। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया। लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹0.36 लाख की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान ₹0.49 लाख की वसूली प्राप्त हुई।

भाग II : अन्य महत्वपूर्ण प्रयास / प्रगति

II.1 दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा के लिए उपाय

निगम ने डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में संशोधनों के परिणामस्वरूप निर्धारित समय में एआईडी के तहत बैंकों के संबंध में दावों के भुगतान के लिए पहल की है (बॉक्स 3.2)।

दावों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए निगम द्वारा किए गए प्रयासों को विधिवत मान्यता दी गई और सराहना की गई।

II.2 वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय:

एआईडी के तहत सभी बैंक जिनके लिए धारा 18ए के तहत दावों का निपटारा किया गया है, उन्हें सूचित किया गया है कि 31 दिसंबर, 2022 के बाद शुरू होने वाली पांच समान किश्तों में निगम को चुकौती की जानी है। कराड जनता सहकारी बैंक लिमिटेड से ₹112.1 करोड़ की राशि की चुकौती

बॉक्स 3.2: 2021-22 के दौरान दावों के समय पर निपटान के लिए पहल

- संशोधित अधिनियम के प्रावधानों को समय सीमा के भीतर लागू करने के लिए एक नीति तैयार की गई।
- डीआईसीजीसी को दावे प्रस्तुत करने के लिए परिचालनात्मक दिशानिर्देश जारी किए गए।
- निविदा की उचित प्रक्रियाओं के बाद प्रत्येक बैंक के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) फर्मों को नियुक्त किया गया।
- एआईडी के तहत बैंकों और सीए फर्मों को कई दौर की बैठकों, चर्चाओं और अप्रत्यक्ष कार्यशालाओं के माध्यम से दावों को प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।
- जन जागरूकता पहल जैसे समाचार पत्रों में विज्ञापन, डीआईसीजीसी की वेबसाइट को अपडेट करना, प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के लिए बैंकों को पर्चे और पोस्टर जारी करना और जमाकर्ताओं द्वारा सम्मति फॉर्म जमा करने और दावों के निपटान के बारे में ब्योरे को व्यापक रूप से प्रचारित करने के लिए बड़ी संख्या में एसएमएस भेजने का काम किया गया।
- पहली दावा सूची सभी पात्र बैंकों द्वारा 45 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक प्रस्तुत की गई थी, जिनमें से प्रत्येक का निपटान 90 दिनों की वैधानिक समय सीमा के भीतर किया गया।

के लिए सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्य मुक्त हस्तांतरण किया गया है। बोर्ड के अनुमोदन से चार बैंकों से ₹94.1 लाख की बकाया राशि को बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

भाग III: लेखा-विवरण

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र, राजस्व खाता और नकदी प्रवाह विवरण और वर्ष के लिए मुख्य परिचालन संबंधी विवरण, डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 28 में उल्लिखित प्रपत्र में, तीनों निधियों अर्थात निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) लिए तैयार किए गए हैं। अधिनियम की धारा 29 के संदर्भ में निगम के मामलों की लेखा परीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा की गई है और यह अलग से संलग्न है ।

III.1 बीमा देयताएं

(क) निगम ने 2021-22 के दौरान ₹8,121करोड़ के निवल दावों को संसाधित किया है। 2021-22 के दौरान ₹8,474 करोड़ (₹524करोड़)[6] का भुगतान बीमा दावों के लिए किया गया इसमें पिछले वर्ष की क्रिस्टलीकृत देयता से भुगतान किया गया ₹353 करोड़ शामिल था।

(ख) बीमांकिक द्वारा अनुमानित निगम के जमा बीमा निधि (डीआईएफ) के लिए बीमांकिक देयता वर्ष के अंत में ₹13,974 करोड़ (₹12,275 करोड़) थी, जो डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 में संशोधनों से उत्पन्न एआईडी के तहत बैंकों के संबंध में बढ़े हुए भुगतान के कारण पिछले साल की तुलना में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई दावा देयता नहीं है।

III.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) में अधिशेष ₹20,566 करोड़ (₹26,555 करोड़) था, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर ₹5,989 करोड़ (22.5 प्रतिशत) की कमी दर्शाता है। इसका कारण थे मुख्य रूप से शुद्ध दावों के कारण व्यय में ₹ 7,128 करोड़ की वृद्धि, बीमांकिक देयता में ₹ 1,699 करोड़ की वृद्धि और भुगतान किए गए दावों की वसूली में ₹ 170 करोड़ की कमी जो आंशिक रूप से ₹ 1,974 करोड़ के प्रीमियम में वृद्धि और निवेश से आय में ₹846 करोड़ की वृद्धि से ऑफसेट हुई थी। 2021-22 के दौरान अप्राप्य जमाकर्ताओं के मामले में प्रावधान का प्रतिलेखन पिछले वर्ष के ₹29.7 करोड़ के मुकाबले शून्य था।

(ख) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) में अधिशेष ₹45.0 करोड़ (₹ 4 3.4 करोड़) रहा। अधिक अधिशेष का श्रेय निवेश से हुई आय में ₹1.6 करोड़ की वृद्धि को जाता है ।

(ग) सामान्य निधि (जीएफ) में अधिशेष ₹36.0 करोड़ (₹10.8 करोड़) था जिसके मुख्य कारण थे ₹18 करोड़ के आयकर रिफंड पर ब्याज, मूल्यह्रास में ₹7.6 करोड़ की कमी, स्टाफ की लागत, स्थापना, यात्रा और ठहराव भत्ते, विज्ञापन, सेवा अनुबंध / रखरखाव, के कारण व्यय में ₹0.4 करोड़ कमी जो निवेश से आय में ₹ 0.7 करोड़ की कमी से ऑफसेट हुई।

III.3 संचित अधिशेष

31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में संचित अधिशेष /रिज़र्व (कर के बाद) क्रमश: ₹1,32,868 करोड़ (₹1,17,629 करोड़), ₹576 करोड़ (₹542 करोड़) और ₹585 करोड़ (₹558 करोड़) था।.

6. वर्तमान वर्ष के आंकड़ों से आसन्न कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की इसी स्थिति को दर्शाते हैं।

III.4 निवेश

2021-22 के अंत में तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में निवेशों का बही मूल्य (लागत पर) क्रमशः ₹1,48,747 करोड़ (₹1,32,223 करोड़), ₹589 करोड़ (₹555 करोड़) और ₹616 करोड़ (₹630 करोड़) रहा है। सभी निधियों में अभिमूल्यन दर्ज हुआ और तीनों निधियों में निवेश का बाज़ार मूल्य क्रमशः ₹1,50,588 करोड़, ₹623 करोड़ और ₹627 करोड़ रहा।

III.5 कराधान

III.5.1 आयकर

31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के अग्रिम आयकर खाते में संचित शेष (बकाया) क्रमश: ₹17,578 करोड़ (₹25,349 करोड़), ₹42 करोड़ (₹61 करोड़) और ₹11 करोड़ (₹18 करोड़) है । कराधान खाते में प्रावधान के लिए संचित शेष क्रमश: ₹15,757 करोड़ (₹23,658 करोड़), ₹33 करोड़ (₹46 करोड़) और ₹13 करोड़ (₹18 करोड़) रहा ।

III.5.2 माल एवं सेवा कर

निगम बैंकों को प्रदान की गई जमा बीमा सेवाओं के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है और निगम ने जीएसटी दायित्व का निर्वहन किया और इसके अनुपालन में वर्ष के दौरान ₹3,509 करोड़ का भुगतान किया गया। इसे बीमित बैंकों से एकत्रित किया गया था।

भाग IV : खजाना परिचालन

IV.1 डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम अपनी अधिशेष (सरप्लस) राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। 31 मार्च, 2022 को निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार 31 मार्च 2021 के ₹1,33,407 करोड़ की तुलना में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹1,49,952 करोड़ रहा। पोर्टफोलियो का बाजार मूल्य ₹1,51,837 करोड़ रहा जो 31 मार्च, 2021 को ₹1,40,436 करोड़ की तुलना में 8.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और 31 मार्च, 2021 के बही मूल्य के 1.05 गुना की तुलना में 1.01 गुना है । वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो रिटर्न[7] 2020-21 में 6.47 प्रतिशत की तुलना में 3.66 प्रतिशत था। यह मुख्य रूप से पिछले वर्ष की तुलना में पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य में कम अभिमूल्यन के कारण हुआ। वर्ष के दौरान मौजूदा और नए निवेशों का बाजार मूल्य प्रतिफल में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ।

IV.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्नी संघ (एफ़आईएमएमडीए) द्वारा प्रकाशित मॉडल मूल्यों के आधार पर किया जाता है। निवेश पर लेखांकन नीति के संदर्भ में, शुद्ध मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो मान्य होता है। शुद्ध अभिमूल्यन, यदि कोई हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है। 31 मार्च 2022 के अनुसार सभी निधियों में शुद्ध अभिमूल्यन हुआ। इसके अलावा, निगम बाजार जोखिम के विरुद्ध एक सुरक्षा के रूप में निवेश उतार-चढ़ाव रिज़र्व निधि (आईएफआर) का रखरखाव करता है। 31 मार्च, 2021 को ₹6,388.7 करोड़ के स्थान पर 31 मार्च, 2022 के अनुसार, मानकीकृत अवधि पद्धति द्वारा परिकलित, ₹ 6,536.4 करोड़ की निवेश उतार-चढ़ाव रिज़र्व (आईएफआर) निधि अनुरक्षित थी।

IV.3 वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों पर प्रतिफल (31 मार्च, 2022 को 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल 6.84 प्रतिशत था, जबकि 31 मार्च, 2021[8] को 6.18 प्रतिशत) बढ़ा । इसके बाद वर्ष के दौरान प्रतिफल बढ़ा क्योंकि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं ने मुद्रास्फीति के दबावों के जवाब में मौद्रिक नीति को सामान्य बनाना शुरू कर दिया। पिछली तिमाही के दौरान, संपत्ति की खरीद में कुछ कमी और दरों में बढ़ोतरी के बाद, भू-राजनीतिक शत्रुता ने प्रतिफल को काफी हद तक बढ़ा दिया।

7. टीडबल्यूआर की गणना डायटज़ विधि का उपयोग करके की जाती है, जैसे टीडबल्यूआर = [एमवीवी-एमवीबी + आई-सी] / [एमवीबी + (0.5 X सी)], जहां एमवीई/ बी = अंत/ शुरुआत में बाजार मूल्य, आई = प्राप्त आय, सी = नए प्रवाह / बहिर्वाह का योगदान।
8. 31 मार्च, 2020 को 10-वर्षीय बेंचमार्क 5.85 जीएस 2030 था। इसके बाद, 6.10 जीएस 2031 जुलाई 2021 में जारी किया गया था, और 6.54 जीएस 2032 (वर्तमान 10-वाई ऑन-द-रन प्रतिभूति) जनवरी 2022 में जारी किया गया था।

भाग V : संगठनात्मक मामले

V.1 निदेशक मंडल

निगम की सामान्य निगरानी, निदेश तथा कार्यों और कारोबार का प्रबंधन निदेशक बोर्ड में निहित है, जो सभी अधिकारों का प्रयोग करता है और ऐसे सभी कार्य व कारोबार करता है, जो निगम कर सकता है। डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह सामान्यतः प्रति तिमाही एक बैठक करे। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गईं।

V.1.1 निदेशकों का नामांकन/सेवानिवृत्ति

श्री पम्मि विजय कुमार, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के तहत नियुक्त, सेवानिवृत्ति के कारण 31 मई, 2021 से निगम के बोर्ड में निदेशक नहीं रहे। श्री. आर. सुब्रमणियन को आरबीआई द्वारा डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के तहत निगम के कार्यपालक निदेशक के रूप में 25 अगस्त, 2021 से 3 जनवरी, 2022 की अवधि के लिए नामित किया गया था। 4 जनवरी, 2022 से डॉ दीपक कुमार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के तहत निगम के कार्यपालक निदेशक के रूप में नामित किया।

